RNI No. DELHI/2014/56101

वर्ष : 13 अंक : 136

नई दिल्ली, शनिवार

16 मई, 2026

मूल्य : 03 रुपए पृष्ठ : 08

# वेब वार्ता

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

हर संघर्ष में आपके साथ

दिल्ली-एनसीआर एवं भोपाल से प्रकाशित एवं उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, बिहार, बंगाल में प्रसारित www.webvarta.com



योग्यता पर संदेह करने वालों के बीच रहना मंजूर नहीं : विराट कोहली 07

## शांति के लिए हरसंभव मदद करेगा भारत : मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन ज़ायेद अल नाहयान की मौजूदगी में भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। • वेब वार्ता

### भारत-यूएई के बीच एलपीजी सप्लाई को लेकर समझौता

वेब वार्ता, अबू धाबी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ शुक्रवार को बातचीत की और कहा कि भारत पश्चिम एशिया में शांति लाने के लिए हर संभव सहयोग देने को तैयार है। इस दौरान दोनों पक्षों ने ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों में रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए। प्रधानमंत्री मोदी और अल नाहयान की मुलाकात मोदी के पांच देशों के दौरे के पहले चरण में यूएई पहुंचने के तत्काल बाद हुई। संयुक्त अरब अमीरात के नेता के साथ बैठक की शुरूआत में मोदी ने कहा कि हमने यूएई पर हुए हमलों की निंदा की। ईरान और अमेरिकी-इजराइल युद्ध के दौरान संयुक्त अरब अमीरात ईरानी हमलों का शिकार हुआ है। यहां अमेरिका का एक प्रमुख सैन्य अड्डा है।

मोदी ने कहा, यूएई को जिस तरह से निशाना बनाया गया है, वह अस्वीकार्य है लेकिन यूएई ने जिस तरह से संयम रखते हुए मौजूदा स्थिति को संभाला है वह प्रशंसनीय है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पश्चिम एशियाई संघर्ष का प्रभाव वैश्विक स्तर पर महसूस किया जा रहा है। उन्होंने कहा, भारत पश्चिम एशिया में शांति लाने के लिए हर संभव सहयोग करने को तैयार है। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने कुछ महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि भारतीय सामरिक पेट्रोलियम भंडार लिमिटेड ने अबू धाबी नेशनल आयल कंपनी के साथ सामरिक सहयोग के उद्देश्य से एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका लक्ष्य ऊर्जा सुरक्षा, भारत के पेट्रोलियम भंडार को बढ़ाने और तरल एलएनजी और तरल एलपीजी भंडारण केन्द्रों पर सहयोग करना है। दोनों नेताओं ने एलपीजी में रणनीतिक सहयोग समझौते पर भी हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य भारत में सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल होने वाली

### 5 अरब डॉलर के निवेश के साथ हुए कई समझौते

खाना पकाने की गैस की दीर्घकालिक आपूर्ति, आर्थिक स्थिरता और ऊर्जा साझेदारी है।

### मोदी के प्लेन को एफ-16 से दी गई सुरक्षा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विमान के शुक्रवार को खाड़ी देश के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करते ही एक विशेष सम्मान के रूप में, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के एफ-16 लड़ाकू विमान ने उनकी अगवानी की। मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद से मुलाकात के दौरान कहा आज आपकी वायु सेना ने जिस तरह मेरी आगवानी की वह भारत के लोगों के लिए सम्मान की बात है। काफी समय से हमारी फोन पर बातचीत हो रही थी, लेकिन मैं आपसे व्यक्तिगत रूप से मिलने के लिए उत्सुक था। आज आपसे मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम की रिपोर्ट के अनुसार जैसे ही प्रधानमंत्री मोदी को लेकर जा रहे विमान ने यूएई के हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया, उसका स्वागत सैन्य विमान ने किया।

### पीएम मोदी नीदरलैंड रवाना

यूएई दौरे के बाद, पीएम मोदी नीदरलैंड के लिए रवाना हो गए। जहां उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री रॉब जेटन के अलावा किंग विलेम-अलेक्जेंडर और क्वीन मैक्सिमा से होगी। वार्ता में सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन, इनोवेशन, रक्षा और जल प्रबंधन जैसे विषय प्रमुख रहेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री स्वीडन का दौरा करेंगे और वहां प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

## रद्द हुई नीट परीक्षा 21 जून को होगी दोबारा

वेब वार्ता, नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को घोषणा की कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) की पुनः परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि अनियमितताओं के आरोपों के मद्देनजर सुधारों के तहत अगले वर्ष से मेडिकल प्रवेश परीक्षा कंप्यूटर आधारित होगी। प्रधान ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र और उनका भविष्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा कि नीट-यूजी परीक्षा के संचालन में पाई गई अनियमितताओं के खिलाफ बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाई जाएगी और सख्त कार्रवाई की जा रही है। परीक्षा प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोपों के बाद तीन मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (स्नातक) रद्द कर दी गई।

प्रधान ने बताया कि पुनः परीक्षा की अवधि 15 मिनट बढ़ा दी गई है और उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए अपनी सुविधा के अनुसार शहर चुनने का मौका फिर से मिलेगा और उन्हें 14 जून तक प्रवेश पत्र मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राज्य सरकारों के साथ मिलकर छात्रों के लिए परिवहन व्यवस्था



का समन्वय भी करेगी। उन्होंने कहा, छात्रों का भविष्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### परीक्षा के लिए शहर चुनने का विकल्प

प्रधान ने कहा, सीबीटी (कंप्यूटर आधारित परीक्षा) का तरीका, ओएमआर पद्धति की तुलना में कहीं बेहतर है। यह कुछ हद तक सुरक्षित भी है। साइबर अपराध अपने आप में एक बड़ी दुनिया बन गया है। चुनौतियां तो हैं, लेकिन हमें अपने देश की प्रणाली पर भरोसा रखना होगा। मंत्री ने कहा कि छात्रों को पुनः परीक्षा के लिए शहर चुनने का विकल्प भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा, एनटीए ने छात्रों को पुनः परीक्षा के लिए अपनी सुविधा के अनुसार शहर चुनने के वास्ते एक सप्ताह का समय देने का निर्णय लिया है।

## बेरोजगार युवा 'कॉकरोच' जैसे : सीजेआई सूर्यकांत




**वेब वार्ता, नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शुक्रवार को एक सुनवाई के दौरान कुछ बेरोजगार युवाओं की तुलना 'कॉकरोच' से करते हुए विवादित टिप्पणी की। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ वरिष्ठ अधिवक्ता का दर्जा मांग रहे एक वकील की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान पीठ ने वकील के पेशेवर आचरण और फेसबुक पर इस्तेमाल की गई भाषा पर नाराजगी जताई। अदालत ने कहा कि समाज में पहले से ही ऐसे "परजीवी" मौजूद हैं जो व्यवस्था पर हमला करते हैं और पूछा कि क्या याचिकाकर्ता भी उन्हीं में शामिल होना चाहता है। सीजेआई ने यह भी कहा कि यदि दिल्ली हाईकोर्ट वकील को वरिष्ठ अधिवक्ता का दर्जा दे भी दे, तो सुप्रीम कोर्ट उसे रद्द कर सकता है।

## पेट्रोल-डीजल 3-3 रुपया महंगा, नई कीमतें लागू

वेब वार्ता, नई दिल्ली

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में शुक्रवार को तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। यह पिछले चार वर्षों में पेट्रोल-डीजल के दाम में पहली वृद्धि है। कच्चे तेल की बढ़ती वैश्विक कीमतों के कारण तेल विपणन कंपनियों का घाटा बढ़ने के बीच यह वृद्धि की गई है। इसके साथ ही, दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में सीएनजी की कीमतों में दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई। उद्योग जगत से जुड़े सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये से बढ़कर 97.77 रुपये प्रति लीटर हो गई है। डीजल अब 87.67 रुपये के मुकाबले 90.67 रुपये प्रति लीटर हो गया है। दरें राज्यों में मूल्य वर्धित कर (वैट) के अंतर के कारण अलग-अलग होती हैं। दिल्ली में अब सीएनजी की कीमत 79.09 रुपये प्रति किलोग्राम और मुंबई में 84 रुपये प्रति किलोग्राम है। हालांकि, घरों में खाना पकाने के लिए पाइप से मुहैया कराई जाने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) और घरेलू खाना पकाने वाली गैस एलपीजी दोनों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका-इजराइल हमले के बाद और तेहरान की जवाबी कार्रवाई के बाद से 50 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। इस युद्ध से होर्मुज अवरूद्ध हो गया जिससे दुनिया के तेल एवं गैस का पांचवां हिस्सा गुजरता है। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद खुदरा ईंधन दरों को स्थिर रखा गया जिसे सरकार ने मूल्यसंवेद नशील उपभोक्ताओं को बढ़ती वैश्विक ऊर्जा लागत से बचाने का प्रयास बताया।

विचार वार्ता



# 16 राज्यों में महासत्यापन चुनाव आयोग के लिए चुनौती

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव हाल ही में खत्म हुए हैं। इसके तुरंत बाद भारत निर्वाचन आयोग ने 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 36 करोड़ मतदाताओं के सत्यापन के लिए एसआईआर की अधिसूचना जारी कर दी है। अभी तक चुनाव आयोग ने दो चरणों में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 59 करोड़ मतदाताओं का सत्यापन का काम किया है। इसमें अभी तक 5.50 करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से हटाये गये हैं। इसको लेकर लगातार विवाद देखने में मिलते रहे हैं। मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है, अभी तक इस पर सुप्रीम कोर्ट से कोई निर्णय नहीं आया है। चुनाव आयोग जो एसआईआर करा रहा है, उसका अधिकार उसे है या नहीं, अभी यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले से इसकी सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही है। इसी बीच बिहार सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव भी हुए हैं, जिनमें पश्चिम बंगाल भी शामिल था। पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर तीव्र प्रतिक्रिया हुई है। चुनाव आयोग ने यहां के लिए जो नियम बनाए थे, वह बिहार एवं अन्य राज्यों के नियमों से अलग थे। पश्चिम बंगाल में करीब 1 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। करीब 63 लाख मतदाताओं के नाम 2003 की मतदाता सूची में होते हुए भी स्पेलिंग या अन्य कारणों से हटाए गए थे। इसमें से करीब 28000 मतदाताओं ने ट्रिब्यूनल में अपील भी की है। उन मतदाताओं को मतदान में भाग नहीं लेने दिया गया। पिछले तीन माह में एसआईआर को लेकर राजनीतिक दलों और उन नागरिकों के बीच में तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। जिनके नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उनका अधिकार छीन लिया गया है। प. बंगाल में एसआईआर के बाद ममता सरकार बुरी तरह से पराजित हुई है। जितने नाम एसआईआर में हटाये गए, उससे कम मतों से टीएमसी के उम्मीदवार पराजित हुए हैं। यह विवाद चल रहा था, इस बीच रही-सही कसर बिहार और पश्चिम बंगाल की सरकार ने जलती हुई आग में घी डालने का काम किया है। जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उन्हें नागरिक नहीं माना जाएगा। जो मतदाता सूची में नहीं है, उन्हें सरकारी स्तर पर जो सुविधाएं मिल रहीं थीं, वह आगे नहीं मिलेंगी। इसी बीच चुनाव आयोग द्वारा 36 करोड़ मतदाताओं को एसआईआर के दायरे में लाने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसे आसानी से स्वीकार किया जाएगा, इसमें संदेह है। सुप्रीम कोर्ट से अभी तक चुनाव आयोग को एसआईआर को लेकर एक तरह का संरक्षण मिलता रहा है। अब जिस तरह से प्रतिक्रिया हो रही है, उससे चुनाव आयोग की चुनौतियां भविष्य में बढ़ती हुई दिख रही हैं। सुप्रीम में जो सुनवाई चल रही है, उसमें न्यायपालिका के ऊपर याचिकाकर्ताओं का दबाव बनना शुरू हो गया है। ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग एसआईआर का काम करा पाएगा या नहीं,




इसमें संदेह है। विपक्ष इस मामले में जिस तरह से एकजुट हुआ है। महंगाई और बेरोजगारी का असर अब आम जनता को सीधे प्रभावित कर रहा है। यह मामला अब केवल चुनाव आयोग तक सीमित नहीं रह गया है। इसे नागरिक अधिकार से भी जोड़कर देखा जाने लगा है। नागरिकता तय करने का अधिकार चुनाव आयोग के पास नहीं है। यह अधिकार भारत सरकार के गृह मंत्रालय के पास है। ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग मतदाता को भारतीय नागरिक है, या नहीं, इस आधार पर मतदाताओं के नाम कैसे काट सकता है। जिस तरह से पश्चिम बंगाल और बिहार सरकार ने राज्य सरकार की सुविधायें बंद करने और नागरिक नहीं मानने की बात कहना शुरू कर दी है, इसके बाद सुप्रीम कोर्ट पर इस मामले में निर्णय देने का दबाव बनेगा।

# मोदी की सामयिक अपील

- ऊर्जा को बचाने के लिए वर्क फ्रॉम होम की अपील।
- एक साल तक सोना न खरीदें ताकि सोने के आयात में खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा को बचाया जा सके।
- ईंधन की भारी महंगाई के कारण वाहन का कम इस्तेमाल करें, मेट्रो का उपयोग करें, और कारपूलिंग को बढ़ावा दें।
- हर परिवार से खाद्य तेल की खपत में कटौती की अपील ताकि देश की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके।
- किसान रासायनिक उर्वरक पर निर्भरता कम करें और प्राकृतिक खेती अपनाएं।
- विदेशी वस्तुओं की जगह स्वदेशी उत्पादों को दें प्राथमिकता।
- विदेश यात्रा टालें जिससे विदेशी मुद्रा की हो बचत।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने गत 10 मई को जनता से जो अपील की है, उसे सामयिक, दूरदर्शी और राष्ट्रहित में माना जाना चाहिए। विरोधी दलों के नेता भले ही इस में राजनीति के पुट तलाशें जैसे कि राहुल गांधी ने सोने की खरीद न करने पर नाराजगी जताई है लेकिन इस समय की जरूरत सोना नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की सोच है। देश की जनता इस बात को अच्छी तरह से जानती है कि लगभग तीन वर्ष पहले जब रूस और यूक्रेन का युद्ध प्रारम्भ हुआ था, उसी समय से ईंधन संकट प्रारम्भ हो गया था। यह संकट लगभग 11 सप्ताह पूर्व 28 फरवरी से उस समय और गहरा हो गया जब ईरान-इज़रायल युद्ध में अमेरिका कूद पड़ा और ईरान ने दुनिया के सबसे व्यस्त ईंधन मार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद कर दिया। भारत ने ईरान से भी मधुर संबंध बनाए रखे और अमेरिका से भी मित्रता कायम रखी। इससे भारत ने एक तरफ रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदा, दूसरी तरफ भारत के तेल और गैस से भरे जहाज होर्मुज के रास्ते ही भारत पहुंच गये। इस बीच ऊर्जा संकट से पूरी दुनिया त्राहि-त्राहि करने लगी और इसकी आंच भारत तक भी पहुंची। मोदी सरकार ने इस अभूतपूर्व ऊर्जा संकट में देश की जनता को संकट का सामना नहीं करने दिया। पूरी दुनिया में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतें आसमान पर पहुंच गयीं लेकिन भारत में चूल्हे भी जलते रहे और वाहन भी चलते रहे। हाँ, तेल और गैस के भंडार अब कम हो रहे हैं। इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जागरूक जनता से बहुत सामान्य सहयोग मांगा है। इससे सरकार को तैयारी का समय मिल जाएगा क्योंकि वैश्विक ऊर्जा संकट अभी समाप्त नहीं हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और महंगे ईंधन के बीच देशहित में एक अहम अपील की है। उन्होंने विदेशी मुद्रा बचाने के लिए एक साल तक सोना न खरीदने, खाने के तेल की खपत कम करने, अनावश्यक वाहन उपयोग घटाकर कारपूलिंग करने और विदेश यात्राएं टालने का आग्रह किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, देशभक्ति सिर्फ जान देना नहीं बल्कि मुश्किल वक्त में ज़िम्मेदारी से जीना भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने मेट्रो, कारपूल अपनाने पर जोर दिया।

पीएम मोदी ने वर्क फ्रॉम होम करने पर ज़ोर दिया। इसके पीछे सीधा हिसाब है। दफ्तर आने-जाने में रोज़ाना लाखों लीटर पेट्रोल-डीजल जलता है। कॉर्पोरेट कंपनियाँ अगर हफ्ते में कुछ दिन भी वर्क फ्रॉम होम लागू करें तो ईंधन की खपत और आयात का बोझ दोनों कम हो सकते हैं। पीएम ने नागरिकों से अपील की है कि वे गैर जरूरी विदेश यात्रा, विदेश में छुट्टियां मनाने और विदेशी शादियों से बचकर और घरेलू पर्यटन और भारत के भीतर समारोह आयोजित करके विदेशी मुद्रा भंडार को संरक्षित करने में मदद करें।

पीएम मोदी ने लोगों से एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोना खरीदने वाला देश है और हम हर साल करीब 59 अरब डॉलर यानी लगभग पांच लाख करोड़ रुपए का सोना बाहर से मंगाते हैं। सोने की कीमत और रुपए की कमजोरी के बीच सीधा रिश्ता है। सोना महंगा होता है तो रुपया और टूटता है। प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों को मेड-इन-इंडिया और लोकल लेवल पर बनने वाले प्रोडक्ट्स को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित किया, जिनमें जूते, बैग और सहायक उपकरण जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुएं शामिल हैं। भारतीय सामान खरीदने से आयात कम होगा और देश के उद्योग और रोज़गार को फायदा मिलेगा।



पीएम मोदी ने किसानों से अपील कि वे रासायनिक खाद का उपयोग 50 प्रतिशत कम करें, प्राकृतिक खेती अपनाएं और डीजल पंप की जगह सौर पंप लगाएं। भारत यूरिया की अपनी ज़रूरत का 25 प्रतिशत, फास्फेट का 90 प्रतिशत और पोटाश का पूरा 100 प्रतिशत विदेश से मंगाता है। 2023-24 में सिर्फ उर्वरक सब्सिडी का बोझ 1.75 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। यूरिया बनाने के लिए प्राकृतिक गैस चाहिए जो खुद आयात होती है। पश्चिम एशिया संकट में गैस महंगी हुई तो खाद महंगी हुई और सरकार की सब्सिडी और बढ़ी। खाद का इस्तेमाल कम करें तो यह पूरी चेन टूटती है।

वैश्विक ऊर्जा मार्ग स्ट्रेट आफ होर्मुज से प्रतिदिन लगभग 2 करोड़ बैरल कच्चे तेल का परिवहन होता है। जहाजों का आवागमन बंद होने से इस वैश्विक संकट का प्रभाव अभूतपूर्व रहा। ब्रेंट क्रूड की कीमत 70 डॉलर से बढ़कर 126 डालर प्रति बैरल हो गयी है। इसके परिणामस्वरूप दुनिया के कई देशों को असाधारण कदम उठाने पड़े। बांग्लादेश में ईंधन की राशनिंग हुई। श्रीलंका में चार दिवसीय कार्य सप्ताह के साथ फ्यूल पास जारी किये गये हैं। दक्षिण कोरिया ने पहली बार ईंधन मूल्य सीमा तय की है। जापान को अपना सबसे बड़ा रणनीतिक तेल भंडार उपयोग करना पड़ रहा है। इसके विपरीत भारत में कोई ईंधन राशनिंग नहीं हुई। देश भर में तेल व गैस की सुचारु आपूर्ति हो रही है। भारत भी अपने लगभग 88 फीसद कच्चे तेल के आयात के लिए इसी मार्ग पर निर्भर रहता है। भारत का लगभग 40 फीसद तेल आयात खाड़ी देशों से होता है। इस प्रकार हमारे देश को भी अभूतपूर्व ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ा। लेकिन इसको भारत सरकार ने खुद वहन किया। इसके चलते सरकार पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। पीएम ने जनता से अपना योगदान देने के लिए अपील की है जो देश-हित में है।

**(हिफी फीचर)**

# पेपर लीक - लचर न्याय प्रक्रिया के साइड इफेक्ट

एक बार फिर नीट यूजी परीक्षा रद्द कर दी गई। पिछले दस सालों में यह चौथा मौका है जब देश की सर्वाधिक महत्वपूर्ण परीक्षाओं में से एक नीट यूजी में पेपर लीक होने की घटना हुई है। नीट के अलावा पिछले दस सालों में लगभग सौ प्रतियोगी परीक्षाएं रद्द की गई हैं। विश्वगुरु होने का दावा करने वाले देश के लिये यह बेहद शर्मनाक घटना है। प्रतियोगी परीक्षा के पीछे केवल परीक्षार्थियों की मेहनत और महत्वाकांक्षा ही ध्वस्त नहीं होती, उनके परिवार के सपने भी टूटते हैं और सारा त्याग और सम्बल व्यर्थ हो जाता है। साथ ही देश के संसाधनों की बरबादी होती है और छात्रों का बहुमूल्य समय नष्ट होता है। उन्नत टेक्नोलॉजी के दौर में देश एक सुरक्षित और विश्वसनीय परीक्षा प्रणाली विकसित नहीं कर पाता तो यह सिस्टम की घोर असफलता है। समय और संसाधनों की बरबादी के अलावा ऐसी घटनाओं से देश की प्रतिष्ठा हानि भी होती है।




सवाल यह है कि ऐसा होता क्यों है? इसके पीछे कई फैक्टर हैं जैसे छात्रों और उससे ज्यादा उनके परिवारों की महत्वाकांक्षा, गलाकाट प्रतिस्पर्धा, कोचिंग संस्थानों का रैकेट और काला धन। दरअसल पढ़ाई या नौकरी से संबंधित कोई भी प्रतियोगी परीक्षा शिक्षा व्यवस्था के दलालों और कोचिंग रैकेट के सरगनाओं के लिए एक कमाई का मौका बन जाती है। पेपर लीक तो सिर्फ पहली सीढ़ी है, उसके बाद मूल्यांकन में गड़बड़ी, मेरिट लिस्ट में हेराफेरी, अलॉटमेंट में जुगाड़ वगैरह सब पर शिक्षा माफिया का कंट्रोल होता है। अगर कहीं चूक हो जाए तो शोर मच जाता है वरना ये सब घोटाला बदस्तूर चलता रहता है। लेकिन सबसे बड़ा फैक्टर है; हमारी लचर न्याय प्रक्रिया! समाज के हर क्षेत्र में बढ़ते हुए अपराध वास्तव में कमजोर न्याय प्रक्रिया का साइड इफेक्ट है। मसलन बीसियों बार पेपर लीक हो चुके हैं अथवा नियुक्ति प्रक्रिया रद्द की गई है मगर हमारी सरकारें कुछ सीखती ही नहीं। लोगों को वर्ष 2013 में मध्यप्रदेश का बहुचर्चित और बदनाम व्यापम घोटाला जरूर याद होगा जिसमें अनेक अपात्रों को मेडीकल कॉलेजों में दाखिला और कई अन्य विभागों में नौकरी दिलाई गई थी। मगर यह किसी को याद नहीं होगा कि पुलिस की चार्ज शीट में लगभग 3000 लोगों के नाम होने के बाद बमुश्किल 100 लोगों को सजा हुई। वह भी लम्बी ट्रायल, जमानत और अपील वगैरह के बाद। ऐसा अमूमन हर घोटाले के साथ होता है। पकड़े जाने पर मीडिया में शोरगुल, आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन, जाँच और फिर कानूनी प्रक्रिया का लम्बा दौर। कई बार तो आरोप पत्र ही सालों बाद कोर्ट में पेश होता है। इस लेट लतीफी का लाभ लेकर जमानत पर छूटे चतुर अपराधी सबूतों और गवाहों की भूल भुलैया में केस उलझा देते हैं। आखिर में कुछ लोगों को दण्डित कर मामला खत्म कर दिया जाता है। इस सारी प्रक्रिया में सिस्टम से जुड़े उच्चाधिकारी साफ बच निकलते हैं क्योंकि उनके अलिखित आदेशों का कोई रिकॉर्ड ही नहीं होता। ये तमाशा केवल पेपर लीक और परीक्षाओं के मैनेज करने तक नहीं बल्कि हर तरह के भ्रष्टाचार में दिखाई देता है।

**डॉ योगेन्द्र श्रीवास्तव**

ईडी, इन्कम टैक्स, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जीएसटी वगैरह किसी भी एजेंसी का मामला हो आखिर में अंजाम लगभग यही होता है। डकैती, रेप और हत्या जैसे संगीन अपराधों में भी न्याय प्रक्रिया की कमजोरी और लेट लतीफी आखिर अपराधियों को ही लाभ पहुंचाती है।जनता भी जब-तब उजागर होने वाले नए घोटालों की सनसनी में पुराने मामले भूलती जाती है। अपराधियों के हौसले इस कदर बुलन्द हैं कि आजकल जमानत पर छूटने का भी जश्न मनाया जाता है। जाहिर है कि जमानत पर छूट जाना ही अपराधी के लिए कामयाब हो जाना है क्योंकि मुकदमा तो सालों तक चलना निश्चित ही है। कई अपराधी जमानत पर छूटकर दोबारा भी अपराध कर गुजरते हैं। अधिकांश घोटाले अथवा अपराध कुछ लोगों तक ही सीमित होते हैं लेकिन जब पेपर लीक या नियुक्ति रद्द होने जैसी घटनाएं होती हैं तो लाखों लोग प्रभावित होते हैं। नीट यूजी की परीक्षा लगभग 22 लाख छात्रों ने महीनों की कड़ी मेहनत झोंक दी होगी। वर्ष 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में लगभग 25000 नियुक्तियों को निरस्त कर दिया था। हाल में ही मध्यप्रदेश में 13000 प्राथमिक शिक्षकों की चयन सूची पर रोक लगा दी गई है। परीक्षा एवं चयन में गड़बड़ी के ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं जब परीक्षार्थियों अथवा प्रतिस्पर्धियों की मेहनत व्यर्थ गई और उनके सपने टूट गए।स्पष्ट है कि अपराधियों, आला अफसरों और राजनेताओं की मिलीभगत के बिना ऐसा होना सम्भव ही नहीं। खेदजनक तथ्य यह है कि राजनीति और अपराध के गठजोड़ के चलते कानून का डर धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है। एक आम आदमी जरूर कानून से डरता है लेकिन अपराधी बेखौफ अपराध करते रहते हैं क्योंकि अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है। रेत माफिया और जंगल माफिया के पुलिस और अधिकारियों पर हमले उनकी राजनेताओं से सांठ गांठ के उदाहरण हैं। यह समझना मुश्किल नहीं कि अपराधी और राजनेता अब एक दूसरे के हितसाधक हो गए हैं। इससे ज्यादा त्रासद और शर्मनाक क्या होगा कि आपराधिक मामलों में लिप्त सैकड़ों राजनेता विधायक और सांसद बने हुए हैं। न्याय प्रक्रिया की लापरवाही और लेट लतीफी के चलते ऐसे राजनेता कानून के उस सिद्धान्त का सहारा लेते हैं कि; दोषी साबित होने तक आरोपी निर्दोष है। बहुतों को आखिरकार सजा होती भी है लेकिन तब तक वे कई महत्वपूर्ण पद सुशोभित कर चुके होते हैं। अपराधियों में कानून का भय खत्म हो जाना समाज के लिए खतरे की घंटी है और इसके परिणाम दिखाई भी देने लगे हैं।

# बरसात से पहले छतरी सही करने सरीखी सीख है मोदी की अपील

**मनोज कुमार अग्रवाल**

आज हम एक ग्लोबल युग में जी रहे हैं दुनिया में कहीं कुछ घटित होता है तो उसका कुछ या अधिक असर हम पर भी पड़ना तय है जैसे बरसात के सीजन से पहले झोपड़ी की खपरैल या पिननी की पड़ताल कर अपनी छतरी की मरम्मत करना होता है पीएम मोदी ने भी देश की अर्थव्यवस्था और विदेशी मुद्रा भंडार की हालत संवारने के लिए देश की जनता से अपील की है। इसी बीच आज 15 मई से सरकार ने पैट्रोल डीजल के दाम में तीन रूपये लीटर का इजाफा किया है। दरअसल सरकार रोजाना तेल कंपनियों को हो रहे हजारों करोड़ रुपये के घाटे की आंशिक भरपाई के लिए धीरे-धीरे और भी रेट बढ़ा सकती है यह सरकार की मजबूरी है। आपको पता रहे विश्व के बदलते हालात ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि कोई भी देश वैश्विक संकटों से पूरी तरह अलग रहकर सुरक्षित नहीं रह सकता। पश्चिम एशिया में जारी तनाव का असर अब केवल युद्धक्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव कच्चे तेल की आपूर्ति, गैस, उर्वरक, खाद्य तेल, विदेशी मुद्रा भंडार और घरेलू महंगाई तक दिखाई देने लगा है। भारत जैसे विशाल और ऊर्जा निर्भर देश के लिए यह स्थिति विशेष चिंता का विषय है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईंधन बचाने, गैर-जरूरी खर्च घटाने और एक वर्ष तक सोना न खरीदने की अपील केवल सामान्य सलाह नहीं, बल्कि आने वाले आर्थिक दबावों के प्रति देश को तैयार करने का संकेत है। साथ ही यह समय की मांग भी है। इस अपील को और प्रभावी बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने स्वयं अपने काफिले का आकार कम करने का निर्णय लिया है। यह कदम प्रतीकात्मक होने के साथ-साथ व्यावहारिक भी है। जब देश का सर्वोच्च नेतृत्व मितव्ययिता को अपने आचरण में उतारता है, तो उसका संदेश नीचे तक जाता है। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री ने अपनी सुरक्षा में तैनात विशेष सुरक्षा दल को निर्देश दिया है कि सुरक्षा मानकों से कोई समझौता किए बिना काफिले में वाहनों की संख्या कम की जाए। साथ ही, जहां तक संभव हो, नई गाड़ियां खरीदे बिना इलेक्ट्रिक वाहनों को शामिल करने की दिशा में भी काम किया जाए। यह निर्णय बताता है कि संकट के समय केवल जनता से अपेक्षा करना पर्याप्त नहीं, बल्कि नेतृत्व को स्वयं उदाहरण बनना होता है। पीएम के दौरे में उनके साथ गाडियों की लम्बी कतार अब नहीं है पीएम सिर्फ दो गाड़ी के काफिले में चल रहे हैं। आपको बता दें करोड़ों लोगों ने प्रधानमंत्री के निर्देशों का पालन शुरू भी कर दिया है। हैदराबाद में उनके संबोधन के बाद गुजरात और असम में उनके काफिले में वाहनों की संख्या घटाई गई है। हालांकि सुरक्षा से जुड़े अनिवार्य नियमों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। यह जरूरी भी है, क्योंकि प्रधानमंत्री की सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है। लेकिन यह भी उतना ही आवश्यक है कि सुरक्षा व्यवस्था के भीतर भी विवेकपूर्ण खर्च और संसाधनों का संतुलित उपयोग हो। यही संतुलन आज देश के हर स्तर पर अपनाने की जरूरत है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंद्र अधिकारी ने भी इसी दिशा में पहल की है। विधायक पद की शपथ लेने के बाद उन्होंने कहा कि सुरक्षा कर्मियों को केवल आवश्यक वाहनों को ही काफिले में रखने को कहा गया है। उन्हें जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा और केंद्रीय सुरक्षा प्राप्त है, इसलिए उनके काफिले में स्वाभाविक रूप से अधिक वाहन रहते हैं।

**फीचर**



# इन इंजीनियरिंग कोर्स की मांग बरकरार

इस साल या अगले साल कौन सा इंजीनियरिंग कोर्स डिमांड में रहेगा, इसके लिए आप किसी काउंसलर से भी सलाह ले सकते हैं। कालेज में एडमिशन लेते समय अपनी रुचि का भी ध्यान रखें।

किसी भी कोर्स में दाखिला लेने से पहले उसका सिलेबस चेक करके उसे विस्तार से समझ सकते हैं। जानिए टॉप 5 बीटेक कोर्स, जो कई सालों तक डिमांड में रहेंगे और उनमें सैलरी भी बढ़िया मिलेगी

**1 कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग:** आईटी के इस दौर में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग कोर्स सबसे लोकप्रिय और मांग वाला कोर्स है। इसके सिलेबस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल), डेटा साइंस, क्लाउड कंप्यूटिंग और साइबर सिक्योरिटी जैसे टॉपिक्स शामिल हैं। भारत में टेक इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है और इसीलिए सीएसई ग्रेजुएट्स की डिमांड भी बढ़ रही है।

करियर विकल्पः सॉफ्टवेयर डेवलपर, डेटा साइंटिस्ट, साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ, एआईएलएल इंजीनियर.

औसत वेतनः फ्रेशर्स के लिए 4-10 लाख रुपये प्रति वर्ष, अनुभव के साथ 20 लाख रुपये तक.

**2 इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग ईसीईः** इंटरनेट ऑफ थिंग्स और वायरलेस टेक्नोलॉजी की बढ़ती मांग के कारण यह कोर्स भविष्य के लिए अच्छा है। यह इलेक्ट्रॉनिक सर्किट, कम्युनिकेशन नेटवर्क और एम्बेडेड सिस्टम पर फोकस्ड है.

करियर विकल्पः टेलीकॉम इंजीनियर, नेटवर्क इंजीनियर, एम्बेडेड सिस्टम डिजाइनर।

औसत वेतनः फ्रेशर्स के लिए 3-8 लाख रुपये प्रति वष.

**3 मैकेनिकल इंजीनियरिंग एमई**

यह बीटेक की एवरग्रीन ब्रांच है, जो ऑटोमोटिव, एयरोस्पेस, मैन्युफैक्चरिंग और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में अवसर प्रदान करती है। ऑटोमेशन और 3ष्ठ प्रिंटिंग जैसी नई टेक्नीक्स ने इसकी डिमांड बढ़ा दी है।

# प्रेरणा

## दूसरे की गलती

एक बार गुरु श्यामानंद ने अपने चार शिष्यों को एक पाठ पढ़ाया। पढ़ाने के बाद वह अपने शिष्यों से बोले, अब तुम चारों इस पाठ का बार-बार अध्ययन कर इसे याद करो। इस बीच यह ध्यान रखना कि तुम में से कोई बोले नहीं। थोड़ी देर बाद मैं तुमसे इस पाठ के बारे में बात करूंगा। यह कहकर श्यामानंद वहां से चले गए। उनके जाने के बाद चारों शिष्य अलग-अलग बैठकर पाठ का अध्ययन करने लगे।


अचानक बादल घिर आए और वर्षा की संभावना बन गई। यह देखकर एक शिष्य बोला, लगता है, तेज बारिश होगी। यह सुनकर दूसरे ने कहा, तुम्हें बोलना नहीं चाहिए था। तभी तीसरा बोला, तुम लोगों ने बोलकर गुरुजी की आज्ञा भंग कर दी है। चौथा शिष्य चुपचाप पाठ पढ़ता रहा। इसी बीच श्यामानंद वहां आ गए। उन्हें देखकर पहला शिष्य बोला, गुरुजी, यह मौन नहीं रहा और बोलने लगा। दूसरा शिष्य बोल पड़ा, तो तुम कौन सा मौन थे। तुम भी तो बोल पड़े थे। तीसरे ने कहा, इन दोनों ने बोलकर आपकी आज्ञा भंग कर दी है। यह सुनकर दोनों तपाक से बोले, तुम भी तो बोल ही पड़े थे। मगर चौथा शिष्य अभी भी चुप था। उसे देखकर गुरुजी बोले, तुम में से केवल इसने ही मेरी आज्ञा मानी। यह निश्चय ही आगे चलकर बड़ा और महत्वपूर्ण कार्य करेगा क्योंकि इसके भीतर पर्याप्त धैर्य और एकाग्रता है। यह किसी के बहकावे में नहीं आता न ही किसी क्षणिक हलचल से विचलित होता है। तुम तीनों के भविष्य को लेकर मुझे शंका है क्योंकि तुम तीनों एक दूसरे का दोष निकालने के कारण स्वयं भी गलती कर बैठे। अधिकतर लोग ऐसा ही करते हैं।



# अपनी बात



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश आज अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में तेजी से एक नई पहचान बना रहा है। पीएम मोदी की 'विकसित भारत' की परिकल्पना को मध्यप्रदेश साकार कर रहा है। प्रदेश में अभूतपूर्व गति से सड़क, पुल, एक्सप्रेसवे और आधुनिक सार्वजनिक अधोसंरचना निर्माण हो रहा है। लोक निर्माण विभाग ने 'लोक निर्माण से लोक कल्याण' को अपना मूल मंत्र बनाकर विकास को सीधे जनता की सुविधा, आर्थिक प्रगति और सामाजिक समृद्धि से जोड़ा है।



ममता बनर्जी ने कहा कि बंगाल कोई बुलडोजर स्टेट नहीं है और कानून के दायरे में रहकर ही कार्रवाई होनी चाहिए। राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से मामलों को नहीं देखा जाना चाहिए। वहीं पुलिस ने कोर्ट में कहा कि सभी घटनाएं चुनाव के बाद नहीं हुए हैं। इसके साथ ही सभी मामलों में आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जा रही है। ममता ने कोर्ट में कहा मेरा नाम 1995 में वकील के तौर पर दर्ज हुआ था।

# दिवंगत कर्मचारियों के 109 परिजनों को मुख्यमंत्री ने सौंपे अनुकंपा नियुक्ति पत्र

■ संविदा कर्मचारियों को स्वास्थ्य कार्ड बांटे

वेब वार्ता, नई दिल्ली




अपने प्रियजन को खोने के दर्द के बीच जब रोजगार का सहारा मिला तो कई परिवारों की आंखें नम हो गईं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र सौंपे। साथ ही परिषद के संविदा कर्मचारियों को स्वास्थ्य कार्ड भी वितरित किए गए।

मुख्यमंत्री ने एनडीएमसी की सराहना करते हुए कहा कि उनके निरंतर प्रयासों से आज 109 परिवारों को अनुकंपा नियुक्ति के रूप में नई आशा मिली है। उन्होंने कहा कि यह केवल नौकरी नहीं, बल्कि परिवारों के भविष्य को संबल देने वाला जीवनभर का सहारा है।

मुख्यमंत्री ने विशेष खुशी जताई कि नियुक्ति प्राप्त करने वालों में लगभग 90 महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी चयनित अभ्यर्थी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर विकसित भारत, विकसित दिल्ली के संकल्प को मजबूत करेंगे। मुख्यमंत्री ने एलएमएचएस योजना के तहत संविदा कर्मचारियों को मेडिकल हेल्थ कार्ड दिए जाने को भी बड़ी राहत बताते हुए कहा कि आज के समय में चिकित्सा खर्च परिवारों पर बड़ा आर्थिक बोझ बन जाता है। ऐसे में कैशलेस चिकित्सा सुविधा कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए सुरक्षा कवच का कार्य करेगी। प्रवेश साहिब सिंह ने कुछ वर्ष पूर्व एनडीएमसी द्वारा 4,400 अस्थायी कर्मचारियों को नियमित किए जाने की पहल का भी उल्लेख किया।

## अनुकंपा नियुक्तियों पर सांसद का बयान

सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि अनुकंपा नियुक्तियों तथा संविदा कर्मचारियों को मेडिकल कार्ड सुविधा प्रदान करने की लंबे समय से लंबित मांगों पर एनडीएमसी परिषद ने पूर्ण संवेदनशीलता एवं सहानुभूति के साथ विचार कर उन्हें स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने इसे केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि अत्यंत मानवीय पहल बताया।

## नीट परीक्षा लीक के आरोपी को सीबीआई हिरासत में भेजा

नई दिल्ली। राउज एवेन्यू कोर्ट ने नीट परीक्षा लीक मामले में आरोपी धनंजय लोखंडे को छह दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। एजेंसी का कहना है कि मामले की जांच अभी शुरूआती चरण में है। विशेष जज अजय गुप्ता की अदालत ने सीबीआई की लोखंडे से पूछताछ के लिए हिरासत की मांग वाली अर्जी स्वीकार करते हुए यह आदेश दिया।

लोखंडे को महाराष्ट्र के अहिल्यानगर से गिरफ्तार किया गया था और ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया गया। सीबीआई ने अदालत को बताया कि लोखंडे ने लीक हुआ प्रश्नपत्र सह-आरोपी शुभम को दिया था, जिसे उसने एक अन्य आरोपी मनीषा बाघमारे से प्राप्त किया था। हालांकि, लोखंडे के वकील ने अदालत में दावा किया कि उनके मुवक्किल को गिरफ्तारी के आधार नहीं बताए गए और उनसे खाली कागज पर हस्ताक्षर करवाए गए।

# दिल्ली में डीएमआरसी की हाइड्रोजन से चलने वाली शटल बस सेवा शुरू

वेब वार्ता, नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सहयोग से शुक्रवार को दिल्ली के सेंट्रल विस्टा इलाके में हाइड्रोजन से चलने वाली एकीकृत शटल बस सेवा शुरू की। आज सुबह 8:30 बजे केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से यात्रियों के लिए दो शुरूआती बसें रवाना की गईं। डीएमआरसी ने एक बयान में यह जानकारी दी है।

बयान के मुताबिक डीएमआरसी और आईओसीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के निदेशक (रिफाइनरी) अरविंद कुमार ने डीएमआरसी के निदेशक (संचालन एवं सेवा) डॉ. अमित कुमार जैन को बसों की चाबियां सौंपीं। इन बसों में 35 यात्रियों के बैठने की क्षमता है। ये बसें जीपीएस-आधारित ट्रैकिंग और सीसीटीवी सिस्टम से लैस हैं, जो वास्तविक समय की निगरानी, सुरक्षा, समय की पाबंदी और मार्ग के पालन को सुनिश्चित करती हैं। यह शटल सेवा सभी कार्यदिवसों (सोमवार से शुक्रवार, राजपत्रित छुट्टियों को छोड़कर) पर कार्यालय के व्यस्त समय के दौरान निम्नलिखित समय पर उपलब्ध रहेगी- सुबह 8:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक और दोपहर 3:30 से शाम 6:30 बजे तक। हर 30 मिनट में एक बस उपलब्ध होगी। यह बस सेवा कर्तव्य भवन, विज्ञान भवन, निर्माण भवन, अकबर रोड, बड़ौदा हाउस, राष्ट्रीय स्टेडियम, राष्ट्रीय आधुनिक कला गैलरी, इंडिया गेट और सेवा तीर्थ मेट्रो स्टेशन सहित महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालयों और स्थलों को कवर करेगी। टिकट की कीमतें चरणबद्ध रूप से 10 एवं 15 रुपये निर्धारित की गई हैं।



डीएमआरसी बस संचालन, कंडक्टर, टिकट व्यवस्था और यात्री सहायता की देखरेख करेगा, जबकि आईओसीएल चालक और हाइड्रोजन ईंधन उपलब्ध करा रही है। यह पहल भारत सरकार की हरित गतिशीलता, स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने और टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन अवसंरचना के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

# चांदनी चौक मंदिर से चोरी हुई प्राचीन मूर्ति और पीतल की वस्तुएं बरामद

वेब वार्ता, नई दिल्ली



■ पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

दिल्ली के चांदनी चौक स्थित 104 साल पुराने मंदिर से शनि भगवान की प्राचीन अष्टधातु की प्रतिमा और पीतल की अन्य वस्तुएं चुराने के आरोप में 45 वर्षीय एक चोर और एक महिला को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान दिलशाद उर्फ बंता के रूप में हुई है और वह पहले भी चोरी के 12 मामलों सहित 15 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। पुलिस ने बताया कि यह चोरी 11 और 12 मई की दरमियानी रात को कोतवाली क्षेत्र के प्राचीन श्री शिव नवगृह मंदिर में हुई। पुलिस के अनुसार, मंदिर के पुजारी मुकेश शर्मा ने शिकायत दर्ज कराकर दावा किया था कि भगवान शनि की प्राचीन अष्टधातु की मूर्ति और पीतल की कई वस्तुएं सुबह तीन बजे से पांच बजे के बीच गायब हो गईं। उत्तर दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राजा बांठिया ने बताया, कोतवाली थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। 16 मई को होने वाले शनि जयंती समारोह से पहले यह मामला अहम हो गया जिसके चलते अधिकारियों ने पूजनीय प्रतिमा की बरामदगी को प्राथमिकता दी। उन्होंने बताया कि एक टीम का गठन किया गया और उसने मंदिर और आसपास के रास्तों पर लगे 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। डीसीपी ने बताया, सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण और स्थानीय जानकारी के आधार पर संदिग्ध की पहचान की गई और आरोपी को मरघट वाले बाबा मंदिर के पास कलकतिया गेट के नजदीक से पकड़ा गया। यमुना बाजार में हनुमान मंदिर के पास रहने वाले दिलशाद ने पूछताछ के दौरान एक महिला से मिलीभगत का खुलासा किया। अधिकारी ने बताया कि बाद में उस महिला को भी गिरफ्तार कर लिया गया और उसके पास से चोरी की गई वस्तुएं बरामद की गईं। बरामद वस्तुओं में अष्टधातु की मूर्ति, पीतल का एक छत्र, एक गदा, पीतल की एक थाली और पीतल के दो दीये शामिल हैं। दिलशाद पहले जीटीबी एन्क्लेव और सीमापुरी थानों में दर्ज कई चोरी और लूट के मामलों में शामिल था।

## ई-रिक्शा चालक को गोली मारकर किया जख्मी

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में बहस के बाद दो व्यक्तियों ने एक ई-रिक्शा चालक को कथित रूप से गोली मार दी जिससे वह जख्मी हो गया। पीड़ित की पहचान 54 वर्षीय एहसान के तौर पर हुई है। उसने पुलिस को बताया कि दो व्यक्ति उसकी ई-रिक्शा में सवार हुए और जब उसने उनसे उतरने के लिए कहा तो वे बहस करने लगे। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने उसे कथित रूप से गोली मार दी और भाग गए। हालांकि एक संदिग्ध को आसपास के लोगों ने पकड़ लिया और उसकी पिटाई करने के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया। अधिकारियों ने बताया कि एहसान को शुरू में जग प्रवेश चंद अस्पताल ले जाया गया और बाद में उसे बेहतर इलाज के लिए गुरुतेग बहादुर अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस बाबत मामला दर्ज कर लिया गया है और फोरेंसिक टीम ने मौका-ए-वारदात का मुआयना किया और सबूत इकट्ठे किए।

# दिल्ली के मंत्री अपने कार्यक्रमों व दफ्तर साइकिल, ईवी कार और मेट्रो से पहुंचे

वेब वार्ता, नई दिल्ली




दिल्ली सरकार के मंत्री शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ईंधन बचत के आह्वान व 'मेरा भारत, मेरा योगदान' अभियान के तहत साइकिल, ईवी कार और मेट्रो से अपने कार्यक्रमों और दफ्तर पहुंचें।

दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह आज नई दिल्ली नगरपालिका परिषद में आयोजित कार्यक्रम में साइकिल से पहुंचे। उन्होंने यह कदम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ईंधन बचत के आह्वान को ध्यान में रखते लिया। प्रवेश साहिब सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अगर हम सब अपनी आदतों में थोड़ा बदलाव लाएं, तो देश का बहुत बड़ा ईंधन बचाया जा सकता है। सरकार की पहल तभी सफल होती है, जब हम भी उसमें भागीदार बनें। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आज दफ्तर जाने के लिए मेट्रो से सफर किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, गर्व है कि मैं इस पहल का हिस्सा बना, क्योंकि यह केवल एक अभियान नहीं बल्कि देश के प्रति मेरी जिम्मेदारी का भाव है। सिरसा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशहित में जो महत्वपूर्ण आह्वान किए हैं, वे चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों में भारत को और मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अहम कदम हैं। ऐसे समय में हम सभी का कर्तव्य है कि अपने स्तर पर भी योगदान दें। छोटे-छोटे प्रयास ही मिलकर बड़े बदलाव की राह बनाते हैं। दिल्ली के कला, संस्कृति एवं भाषा और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा आज ऊर्जा संरक्षण का संदेश देने के लिए ईवी कार चलाकर दिल्ली सचिवालय पहुंचे। इस मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कपिल मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर दिल्ली में मेट्रो मंडे, दो वर्क फ्रॉम होम और न्यूनतम गाड़ियों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। सभी मंत्री और अधिकारी भी सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करेंगे और अपने लिए इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में ऊर्जा संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देशवासियों से ईंधन बचत और ऊर्जा के जिम्मेदार उपयोग अपील की गई, दिल्ली सरकार और दिल्ली वासी इसे पूरा करने के लिए संकल्पित हैं।

## आत्महत्या की सूचना दिये बिना परिवार शव लेकर पहुंचा श्मशान

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम दिल्ली के आजादपुर इलाके में 20 वर्षीय युवती अपने घर में कथित रूप से फंदे से लटकी मिली जिसके बाद परिजन पुलिस को सूचित किए बिना शव को श्मशान घाट ले गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को आदर्श नगर थाने को जानकारी दी गई कि एक लड़की का शव पुलिस को बिना सूचना दिए केवल पार्क श्मशान घाट में अंतिम संस्कार के लिए लाया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची और मृतक की पहचान की, जो आजादपुर के लाल बाग की निवासी थी। जांच के दौरान जानकारी मिली कि युवती ने अपने घर में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस के अनुसार, परिवार के सदस्य, ऐसे मामलों में कानूनी प्रक्रिया से अनभिज्ञ थे और वे अधिकारियों को सूचित किए बिना शव को सीधे अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट ले गए। पुलिस ने तुरंत शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए उसे बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल भेज दिया। अधिकारी ने बताया कि अपराध दल और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के अधिकारियों ने भी घटनास्थल का मुआयना किया और घर से सबूत इकट्ठा किए। पुलिस ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है।

# कांग्रेस ने दिल्ली में 14 जिला इकाई प्रमुखों की नियुक्ति की

वेब वार्ता, नई दिल्ली



कांग्रेस ने शुक्रवार को दिल्ली में 14 जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की नियुक्ति की। ये नियुक्तियां राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी की संगठनात्मक संरचना को मजबूत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान का हिस्सा हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तत्काल प्रभाव से इन नियुक्तियों को मंजूरी दी, जिसकी घोषणा पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक बयान जारी कर की थी। पार्टी के अनुसार, कांग्रेस पर्यवेक्षकों द्वारा की गयी विस्तृत जिला स्तरीय समीक्षाओं के बाद ये नियुक्तियां की गईं। पर्यवेक्षकों ने व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने से पहले पार्टी पदाधिकारियों और हितधारकों से बातचीत की। बयान के मुताबिक, पर्यवेक्षकों ने इस प्रक्रिया के तहत वरिष्ठ नेताओं के साथ व्यक्तिगत बैठकें भी कीं। नियुक्त किए गए लोगों में आदर्श नगर के लिए सिद्धार्थ राव, चांदनी चौक के लिए मोहम्मद उस्मान, करावल नगर के लिए मंगेश त्यागी, बाबरपुर के लिए राज कुमार जैन और पटपड़गंज के लिए विजेंद्र चौधरी शामिल हैं। पार्टी ने कृष्णा नगर के लिए सुमित शर्मा, करोल बाग के लिए महेंद्र भास्कर, नयी दिल्ली के लिए मोहिंदर मंगला, रोहिणी के लिए इंद्रजीत सिंह और किराड़ी के लिए वरुण ढाका को नियुक्त किया है। तिलक नगर जिले के लिए अमनदीप सिंह सूदन, नजफगढ़ के लिए राजेश यादव, महरौली के लिए वीरेंद्र शर्मा और बदरपुर के लिए हर्ष चौधरी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## जेएनयूएसयू ने छात्रों की समस्याएं उठाईं

नई दिल्ली। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संगठन (जेएनयूएसयू) ने विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र में छात्रों को हो रही समस्याओं को लेकर प्रशासन के समक्ष फिर से मुद्दा उठाया है। छात्रसंघ ने बुधवार को स्वास्थ्य सेवाओं के उप कुलसचिव बने सिंह मीणा से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। छात्रसंघ ने स्वास्थ्य सलाहकार समिति की बैठक जल्द बुलाने की मांग की। छात्र नेताओं का कहना है कि यह बैठक पिछले छह महीनों से अधिक समय से नहीं हुई है, जिससे छात्रों की समस्याओं पर समुचित चर्चा नहीं हो पा रही। प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया है कि स्वास्थ्य सलाहकार समिति की अगली बैठक इसी महीने के अंत तक आयोजित की जाएगी। साथ ही छात्रसंघ द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने का भरोसा भी दिया गया है।

# न्यूनतम तापमान 26.2 डिसे दर्ज, हल्की वर्षा के आसार

वेब वार्ता, नई दिल्ली



दिल्ली में शुक्रवार की सुबह गर्म रही और न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने दिन में गरज के साथ छींटे पड़ने, बिजली कड़कने और 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है, जिसकी गति 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, पालम मौसम केंद्र में न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस और लोधी रोड में 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, रिज केंद्र में न्यूनतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस और आयानगर में यह 25.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान जताया है, जबकि अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, सुबह नौ बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 160 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

# जीटीबी लाल बत्ती से जगतपुरी तक अतिक्रमण, जाम से लोग परेशान



वेब वार्ता, नई दिल्ली

जीटीबी लाल बत्ती से नन्द नगरी रामलीला ग्राउंड तक ओर वहां से नत्थू कॉलोनी चौक की तरफ जगतपुरी तक पूरे रोड पर अतिक्रमण फैला हुआ है, अतिक्रमण की कई बार शिकायत होने के वाबजूद भी इस अतिक्रमण को हटाया नहीं गया है।

जीटीबी अस्पताल की लाल बत्ती से लेकर नन्द नगरी की लाल बत्ती ओर इस लाल बत्ती से जगतपुरी तक रेहड़ी खोमचे वालों ने कब्जा किया हुआ है जिनकी वजह से यहां यातायात अवरुद्ध होता है ओर जाम की स्थिति लगातार बनी रहती है। यहां रेहड़ी वाले फल ओर अन्य खाने का सामान बेचते है जिनकी कई बार शिकायत होने के बाद भी इन सड़कों को अतिक्रमण मुक्त नहीं किया जा सका, यह इलाका जीटीबी एन्क्लेव ओर नन्द नगरी थाने क्षेत्र में आता है। जहां एक तरफ प्रशासन अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की बात करता है वहीं यह खोमचे वाले प्रशासन की खिल्ली उड़ाते हुए दिखते है, फुटपाथ पर खोमचों वालों ने इस कदर कब्जा किया हुआ है कि यहां से पैदल निकलना भी दुश्वार है। इन सड़कों पर करीब 70-80 रेहड़ी लगी होती है, नन्द नगरी लाल बत्ती के पास तिराहा है जिस वजह से वाहन वहां मुड़ते है लेकिन इन रेहड़ियों ओर इनके पास खरीदारी कर रहे लोगों के वाहनों की वजह से जाम की स्थिति बनी रहती है, प्रशासन को इस तरफ ध्यान देने की आवश्यकता है।

## अलीपुर के यादु ग्रीन फार्म हाउस में लगी आग

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के अलीपुर इलाके में स्थित यादु ग्रीन फार्म हाउस में शुक्रवार सुबह भीषण आग लग गई। घटना नेशनल हाईवे-44 के पास स्थित फार्म हाउस की बताई जा रही है। आग लगने की सूचना सुबह करीब 7:30 बजे दमकल विभाग को मिली, जिसके बाद फायर विभाग की दर्जनभर से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार आग काफी तेजी से फैली, जिसके चलते फार्म हाउस परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दमकल कर्मी लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। मौके पर एम्बुलेंस और अन्य राहत टीमें भी तैनात की गई हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। राहत की बात यह बात रही की किसी के हताहत होने की खबर सामने नहीं आई है। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। दमकल विभाग की टीम आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद मामले की जांच करेगी।

# मंडोली जेल में विचाराधीन कैदी की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

वेब वार्ता, नई दिल्ली



मंडोली जेल में एक विचाराधीन कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान शकरपुर निवासी 66 वर्षीय राजेंद्र कुमार जैन के रूप में हुई है। वह पिछले करीब सात महीने से जेल संख्या-13 में बंद थे। परिजनों ने जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए इसे हत्या बताया है।

आरोप है कि उन्हें काफी समय से धमकाया जा रहा था। उनका कहना है कि जेल में उनसे 50 हजार रुपये की उगाही की कोशिश की गई थी, जिस बारे में शिकायत राजेंद्र ने जज को बताने के साथ ही उनकी ओर से इसकी अदालत में शिकायत भी की थी। जानकारी के अनुसार, मृतक राजेंद्र कुमार जैन का हार्डवेयर का व्यापार था। उनके परिवार में पत्नी और बेटा रोहन जैन हैं। परिवार अभी कन्हैया नगर में रह रहे हैं। ये लोग मूल निवासी शकरपुर हैं। बेटे रोहन ने बताया कि उनके पिता के खिलाफ शकरपुर थाने में ठगी का एक मामला दर्ज था। इसी मामले में वह अंडर ट्रायल थे। शुक्रवार को उनकी कड़कड़डूमा कोर्ट में पेशी होनी थी, लेकिन उससे ठीक एक दिन पहले उनकी संदिग्ध हालत में मौत हो गई।

परिजनों ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि जेल में राजेंद्र जैन से 50 हजार रुपये की मांग की गई थी और रकम भेजने के लिए बाकायदा एक पेटीएम नंबर भी दिया गया था। जब उनके पिता ने कोर्ट में पेशी के दौरान जज से इस उगाही की शिकायत की, तो उसके बाद से ही जेल प्रशासन उन्हें लगातार परेशान कर रहा था। रोहन ने बताया कि गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे उनकी अपने पिता से फोन पर बात हो रही थी। इसी दौरान अचानक पिता की आवाज आनी बंद हो गई। उस वक्त उन्हें बताया गया कि पिता को चक्कर आ गया है। इसके बाद शाम करीब 6 बजे पुलिस ने सूचना दी कि राजेंद्र कुमार जैन की मौत हो गई है। शुक्रवार को राजेंद्र जैन के शव को पोस्टमार्टम के लिए पहले जीटीबी अस्पताल ले जाया गया था। लेकिन मौत की परिस्थितियों पर सवाल उठाते हुए परिजनों ने वहां कड़ा विरोध किया। सूत्रों के मुताबिक, परिजनों के भारी विरोध और हत्या के आरोपों को देखते हुए अब शव का पोस्टमार्टम एम्स में एक मेडिकल बोर्ड की निगरानी में किया जाएगा।

फिलहाल पुलिस मामले की सभी एंगल से जांच कर रही है। इससे पहले भी जेल के अंदर कैदियों पर उगाही को लेकर चाकू से हमले इत्यादि के आरोप लग चुके हैं। हर्ष विहार पुलिस केस दर्ज करके पूरे मामले की जांच कर रही है। गौरतलब है कि इससे पहले जेल न-11 में राकल नाम के युवक की मौत हुई थी,जबकि इसी महीने की 6 तारीख को टॉनी नाम के कैदी को नुकीली वस्तु से घायल किया गया था।

## मेट्रो से एयरपोर्ट तक सफर कर हज यात्रियों ने ईंधन संरक्षण का दिया संदेश

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन संरक्षण की अपील के तहत पहल करते हुए सऊदी अरब जाने वाले हज यात्रियों ने बसों और काफिलों के बजाय दिल्ली मेट्रो की एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन का उपयोग करते हुए नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन से आईजीआई एयरपोर्ट टर्मिनल-3 तक यात्रा की। दिल्ली हज कमेटी की अध्यक्ष कौसर जहां ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा ऊर्जा और ईंधन संरक्षण को लेकर की गई अपील का पालन देश के प्रत्येक नागरिक को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया इस समय ऊर्जा संकट का सामना कर रही है और उसका असर विभिन्न क्षेत्रों पर दिखाई दे रहा है। जहां सरकार ने आम लोगों पर संकट का असर कम से कम पड़े, इसके लिए लगातार प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि इतने बड़े वैश्विक संकट के बावजूद सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं बंद नहीं हुई हैं। कौसर जहां ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग न केवल ईंधन बचत में मदद करेगा, बल्कि प्रदूषण कम करने और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## संक्षिप्तवार्ता

### सीबीटी के सदस्य पहुंचे ईपीएफओ कार्यालय, स्टाफ की सुनी समस्याएं



**हरी शंकर शर्मा, कानपुर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के कार्यालय सर्वोदय नगर में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की शीर्ष संस्था केंद्रीय न्यासी बोर्ड के मेंबर एवं टी यू सी सी महासंघ के महासचिव एसपी तिवारी एवं टी यू सी सी महासंघ हंसराज अकेला का आगमन हुआ। महासंघ के पदाधिकारियों का स्वागत टी यू सी सी कानपुर के महासचिव दिनेश सिंह भोले,ई पी एफ स्टाफ यूनियन उत्तर प्रदेश रीजन के महामंत्री सौरभ तिवारी एवं ई पी एस 95 पेंशन संघर्ष समिति के राष्ट्रीय पदाधिकारी राजेश शुक्ला द्वारा किया गया।

स्वागत के बाद कार्यालय आकर उन्होंने आम जनमानस की समस्याओं को संज्ञान में लिया साथ ही कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के स्टाफ की समस्याओं को भी गंभीरता पूर्वक सुना। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की नई योजनाओं की चर्चा प्रेस एवं मीडिया से करी और शिकायतों के समाधान हेतु अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त उत्तर प्रदेश उदय बक्शी से मिलकर वार्ता कर उन्हें उचित दिशा निर्देश प्रदान किया।

### कुशीनगर में महिला का शव पंखे से लटका मिला

**ममता तिवारी, कुशीनगर।** जिले के तमकुहीराज थाना क्षेत्र के शिव सरेया बुजुर्ग गांव में एक महिला का शव कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान 30 वर्षीय अंजलि पत्नी कमलेश शर्मा के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात अंजलि बच्चों के साथ कमरे में सोने गई थी। शुक्रवार सुबह बच्चे जागे तो मां का शव पंखे से लटका देख रोने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और शव को नीचे उतारा गया। परिजन अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे, तभी मृतका के मायके पक्ष को सूचना मिल गई। मृतका के भतीजे राहुल ने डायल 112 पर फोन कर हत्या का आरोप लगाया। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और कमरे से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने पति कमलेश शर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। ग्रामीणों के अनुसार अंजलि की शादी आठ वर्ष पहले हुई थी और उसके दो बच्चे हैं। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक




**ममता तिवारी, कुशीनगर।** जिले के दुदही विकास खंड स्थित आदर्श इंटर कॉलेज और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शुक्रवार को बाल विवाह रोकथाम एवं महिला कल्याण योजनाओं को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन टीम के डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर नलिन सिंह ने बाल विवाह के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं को इस कुप्रथा के खिलाफ जागरूक किया। वहीं चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि यदि कहीं कम उम्र में विवाह कराया जा रहा हो तो इसकी सूचना तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1098 या 112 पर दें। कार्यक्रम में निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी भी दी गई। जेंडर स्पेशलिस्ट प्रीति सिंह ने महिला हेल्पलाइन 1090, वन स्टॉप सेंटर 181, एंबुलेंस सेवा 108 और 102 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की उपयोगिता समझाई। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं और शिक्षकों को बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई गई तथा "बाल विवाह मुक्त भारत अभियान" को सफल बनाने की अपील की गई।

### देवरिया में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती, मेडिकल कॉलेज को मिलीं तीन नई ट्रूनट मशीनें




**वेब वार्ता, देवरिया।** जिले में टीबी जांच सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए शुक्रवार को महर्षि देवराहा बाबा स्वशासी मेडिकल कॉलेज और सीएचसी पथरदेवा में तीन नई ट्रूनट मशीनों का शुभारंभ किया गया। मेडिकल कॉलेज में सीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता और प्राचार्या डॉ. रजनी पटेल ने फीता काटकर मशीनों का उद्घाटन किया।इन नई मशीनों के लगने से अब जिले में ट्रूनट मशीनों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। सीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि ट्रूनट मशीन टीबी मरीजों की त्वरित और सटीक जांच में सहायक होगी, जिससे समय पर उपचार संभव हो सकेगा। उन्होंने बताया कि जिले के 18 स्वास्थ्य संस्थानों में ये मशीनें स्थापित की जा चुकी हैं।जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जो हवा के माध्यम से फैलती है और मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करती है। इसके प्रमुख लक्षणों में लगातार खांसी, बुखार, थकान, वजन कम होना और रात में पसीना आना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ट्रूनट मशीन से बीमारी की पुष्टि जल्दी हो सकेगी, जिससे मरीजों का इलाज समय पर शुरू किया जा सकेगा।कार्यक्रम में सीएमएस डॉ. एचके मिश्रा, डीपीसी देवेंद्र प्रताप सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### आकाशीय बिजली से मृत बालिका के परिजनों को मिली 4 लाख की सहायता




**लक्ष्मीकान्त पाठक, हरदोई।** जनपद में 13 मई को आए तेज आंधी-तूफान और बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से सण्डीला तहसील क्षेत्र के गांव आँट-साँट निवासी छोटे लाल मौर्य की 14 वर्षीय पुत्री अंकिता मौर्य की दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मामले की जानकारी मिलने पर विधायक रामपाल वर्मा ने शासन-प्रशासन को अवगत कराया, जिसके बाद पीड़ित परिवार को तत्काल राहत उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की गई। शुक्रवार को समाज कल्याण राज्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री असीम अरुण, सांसद अशोक रावत और विधायक रामपाल वर्मा पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया और हरसंभव मदद का भरोसा दिया। प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने दैवीय आपदा राहत योजना के तहत परिवार को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कराई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ित परिवार को कृषि भूमि का पट्टा और ग्राम पंचायत स्तर से पशु टीन शेड उपलब्ध कराया जाए, ताकि परिवार को आर्थिक सहारा मिल सके। उन्होंने परिवार के छोटे बेटे की शिक्षा की जिम्मेदारी समाज कल्याण विभाग के माध्यम से उठाने का आश्वासन भी दिया। असीम अरुण ने कहा कि अंकिता पढ़ाई में बेहद होनहार थी और भविष्य में परिवार व गांव का नाम रोशन कर सकती थी, लेकिन दैवीय आपदा ने एक प्रतिभाशाली बेटी को हमसे छीन लिया। सांसद अशोक रावत और विधायक रामपाल वर्मा ने भी परिवार के साथ खड़े रहने और हर संभव सहायता देने की बात कही। इस दौरान एडीएम प्रियंका सिंह, उपजिलाधिकारी नारायणी भाटिया, समाज कल्याण अधिकारी, नायब तहसीलदार अनुपमा वर्मा, कानूनगो रविंद्र सिंह, लेखपाल प्रज्ञा, जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, क्षेत्राधिकारी बघौली प्रवीण कुमार, ग्राम प्रधान तेजपाल वर्मा और प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री के घर पहुंचने और सहायता मिलने पर मृतका के माता-पिता भावुक हो गए।

# हरदोई में विशेष शिविर, 9 मूक-बधिर बच्चों का होगा मुफ्त कोक्लियर इम्प्लांट

**लक्ष्मीकान्त पाठक, हरदोई।**




मूक-बधिर बच्चों के जीवन में नई उम्मीद जगाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग एवं एडवांस कोक्लियर इम्प्लांट सेंटर लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में नयागांव मुबारकपुर स्थित 100 शैय्या चिकित्सालय में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से शुरू हुए शिविर में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 27 मूक-बधिर बच्चों का विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा परीक्षण किया गया। जांच के उपरांत 9 बच्चों को कोक्लियर इम्प्लांट के लिए उपयुक्त पाया गया। इन बच्चों का शीघ्र ही लखनऊ में निःशुल्क कोक्लियर इम्प्लांट कराया जाएगा, जिससे वे सुनने और बोलने की दुनिया से जुड़ सकेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भवनाथ पाण्डेय ने कहा कि ऐसे शिविर मूक-बधिर बच्चों के जीवन में नई रोशनी और नई आवाज़ देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि जन्म से सुनने और बोलने में असमर्थ बच्चों की समय रहते जांच अवश्य कराएं, ताकि उनका उपचार सही समय पर संभव हो सके। कैंप में नोडल अधिकारी डॉ. आर.के. सिंह, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रबंधक डॉ. मोहम्मद शाहिद सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। इस दौरान डॉ. सरताज हुसैन, डॉ. किरन, डॉ. कांति, डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. शैलेश दीक्षित तथा पैरामेडिकल स्टाफ बलराम गुप्ता, मनोज कुमार, अमिताभ और अखिलेश ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

## कस्तूरबा विद्यालयों में फर्नीचर खरीद को लेकर हुई निविदा समिति की बैठक



**लक्ष्मीकान्त पाठक, हरदोई।**

निपुण भारत उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में फर्नीचर एवं खेल सामग्री उपलब्ध कराए जाने के संबंध में आज स्वामी विवेकानन्द सभागार में निविदा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी अनुनय झा ने की। बैठक में विद्यालयों के लिए कुर्सी, मेज एवं अन्य खेल सामग्री क्रय हेतु टेण्डर प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सामग्री खरीद के लिए एक टेण्डर समिति का गठन किया जाए तथा समिति की सहमति के उपरान्त ही टेण्डर प्रक्रिया प्रारम्भ की जाए। उन्होंने कहा कि टेण्डर प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप सम्पन्न कराई जाए, जिससे विद्यालयों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। बैठक में जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रधानाचार्य आईटीआई सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सिजेंटा धान कंपनी का भव्य किसान मेला आधुनिक खेती की तकनीकों पर मिलेगा मार्गदर्शन

**कमर खान, गैसड़ी/बलरामपुर।**

सिजेंटा धान कंपनी द्वारा रविवार को दिन में दस बजे से किसान मेला का आयोजन किया गया है। किसान मेला में आने वाले किसानों को उन्नतिशील खेती वैज्ञानिक पद्धति पर आधुनिक तौर तरीके से करने की जानकारी कंपनी के कृषि वैज्ञानिक द्वारा दी जायेगी।

किसान मेला की जानकारी देते हुए सिजेंटा प्रतिनिधि टी एम विवेक प्रताप सिंह ने बताया कि किसान मेला में जनपद बलरामपुर के गैसड़ी, पचपेड़वा, तुलसीपुर, बलरामपुर, हरैया सतघरवा, ललिया क्षेत्र के करीब सत्तर से अधिक गांवों के किसान शिरकत करेंगे। मेला का शुभारंभ कंपनी के उच्च अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया जायेगा। सभी किसानों को लकी कूपन ड्रा के माध्यम से सीमित मात्रा में धान बीज एवं उपहार का वितरण किया जायेगा। मंच पर सिजेंटा प्रमुख किसानों एवं बीज विक्रेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए सभी किसानों को अपना रजिस्ट्रेशन कूपन भर कर कराना होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव गांव प्रचार वाहन से किसानों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने किसान मेला सर्वाधिक किसानों के पहुंचने की अपील की है।

## हरदोई नगर क्षेत्र में निजी बसों के प्रवेश पर रोक, निर्धारित स्थान से होगा संचालन

**लक्ष्मीकान्त पाठक, हरदोई।**




अनुनय झा ने निजी बस संचालकों को निर्देश दिए हैं कि नगर क्षेत्र में निजी बसों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा तथा बसों का संचालन निर्धारित स्थानों से ही किया जाए। शुक्रवार को स्वामी विवेकानन्द सभागार, कलेक्ट्रेट में आयोजित निजी विद्यालय संचालकों एवं बस संचालकों की बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और आमजन की सुरक्षा के लिए यह व्यवस्था लागू की जा रही है।

बैठक में जिलाधिकारी ने विद्यालय संचालकों को भी चेतावनी देते हुए कहा कि जिन स्कूल वाहनों के फिटनेस, प्रदूषण, बीमा, पंजीयन, आरसी अथवा अन्य आवश्यक प्रपत्र अधूरे हैं, वे 17 मई 2026 को स्थानीय आईटीआई परिसर में आयोजित विशेष शिविर में अपने दस्तावेज दुरुस्त करा लें। यह शिविर प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी विद्यालय वाहन चालकों का पुलिस सत्यापन कराया जाना अनिवार्य होगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि 1 जुलाई से 10 जुलाई 2026 तक विद्यालय वाहनों का सघन जांच अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान बिना वैध प्रपत्र अथवा अवैध रूप से संचालित पाए जाने वाले वाहनों को सीज करते हुए संबंधित संचालकों एवं प्रबंधकों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि नगरी क्षेत्र की ई-रिक्शा चुंगी सीमा से बाहर संचालित नहीं होंगी। बैठक में अशोक कुमार मीणा, प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, मयंक कुण्डू, एआरटीओ, सीओ यातायात सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### कमर्शियल गैस सिलेंडर के बढ़े दामों पर भड़के व्यापारी, प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

## टेंट, होटल और कैटरिंग कारोबारियों ने बढ़ी दरें वापस लेने की मांग उठाई



**कमर खान, बलरामपुर।**

कमर्शियल गैस सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों और अन्य समस्याओं को लेकर टेंट, कैटरिंग व होटल व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों ने नाराजगी जताई है। टेंट, कैटरर्स एंड डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश (रजि.) एवं ऑल इंडिया टेंट डीलर वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन (रजि.) नई दिल्ली के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी बलरामपुर के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर गैस सिलेंडर के दाम वापस लेने समेत कई मांगें उठाईं।

टेंट व्यवसाय से जुड़े पदाधिकारी शुक्रवार को पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी मैंगो से संबंधित प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की उपलब्धता और लगातार बढ़ती कीमतों के कारण छोटे उद्योग, होटल, ढाबा, मिठाई, चाय-नाश्ता और कैटरिंग कारोबार से जुड़े व्यापारियों पर आर्थिक संकट गहरा गया है। व्यापारियों के अनुसार 15 मार्च 2026 तक कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1863 रुपये थी, जिसे बढ़ाकर पहले 2200 रुपये और फिर कुछ ही दिनों में 3194 रुपये प्रति सिलेंडर कर दिया गया।

व्यापारियों ने मांग की कि कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आवश्यकता अनुसार उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा घरेलू गैस सिलेंडर की तरह ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था लागू की जाए। इसके अलावा गैस के वैकल्पिक संसाधनों के लिए अनुसंधान समिति गठित करने, बढ़ी हुई दरों को तत्काल वापस लेने और विवाह व अन्य मांगलिक आयोजनों के लिए मांग अनुसार सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग भी की गई।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि गैस की कीमतों में भारी बढ़ोतरी से आम जनता और व्यापारी वर्ग दोनों प्रभावित हो रहे हैं। संगठन पदाधिकारियों ने सरकार से शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान संगठन के महामंत्री रवि कुमार गुप्ता, संरक्षक अकील अहमद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुलाम अहमद, कार्यकारिणी सदस्य जयप्रकाश सैनी, जिला अध्यक्ष मंगल गुप्ता, उपाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष अजय पटेल व मनोज वर्मा समेत तमाम व्यापारियों मौजूद रहे।

## नो-इंट्री में सुबह नौ बजे तक धड़ल्ले से गुजर रहे डंपर

**रसूलाबाद, संवाददाता।** सिकंदरा रसूलाबाद मार्ग पर प्रशासन द्वारा लगाई गई नो इंट्री कस्बे में कमाई का जरिया बन गई है। झींझक रोड तिराहे पर लगने वाले यातायात के सिपाही सुबह नौ बजे तक धड़ल्ले से डंपरों को आवागमन की खुली छूट दे रहे हैं। दिन में भी वाहनों को निकाल रहे हैं। रसूलाबाद सिकंदरा मार्ग पर दुर्घटनाएं रोकने के लिए जिला प्रशासन ने सुबह सात बजे से भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई है लेकिन डंपरों का आवागमन दिन-रात हो रहा है। कस्बे में झींझक रोड तिराहे पर लगने वाले पिकेट सिपाही इसे कमाई का जरिया बनाए हैं। सुबह नौ बजे तक धड़ल्ले से ओवरलोड डंपरों को पास कराया जा रहा है। इसी समय सुबह छोटे छोटे बच्चों का स्कूल के लिए निकलना होता है। तेज रफ्तार डंपर कस्बे में भीड़भाड़ वाली सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं। नौ बजे के बाद निकलने वाले डंपर चालकों को एक फल ठेलिया दुकानदार से मिलना पड़ता है। दिन में निकलने का पैसा इस फल दुकानदार के पास जमा हो रहा है। शाम को जमा रकम में हिस्सा बांट कर लिया जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि भीड़भाड़ वाली सड़कों पर निकलना मुश्किल होता है लेकिन ओवरलोड डंपरों का आवागमन जारी रहता है। इसके अलावा नो इंट्री में प्रवेश कराने के लिए कुछ स्थानीय लोगों ने ठेका ले रखा है। इससे डीएम-एसपी के फरमान को भी ट्रैफिक सिपाही धता बता रहे हैं।

### परिवार दिवस पर मेट्रो में परिवार संग बांटी खुशियां

**कानपुर।** अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस पर मेट्रो ने शुक्रवार को गोल्डन क्लब के सहयोग से विशेष मेट्रो जॉयराइड और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया। इसमें यात्रियों ने सपरिवार विशेष रूप से सजे कोच में बड़ा चौराहा से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक मेट्रो जॉय राइड का मजा लिया। शाम पांच बजे कार्यक्रम शुरू हुआ। जॉय राइट वापस बड़ा चौराहा स्टेशन पर खत्म हुई तो मंच पर एक के बाद एक अपनी संगीत और नृत्य प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। प्रतिभागियों ने 'मेरी मां प्यारी मां', 'फूलों का तारों का सबका कहना है', 'तेरी पलकों के सिवा दुनिया में रखा क्या है", 'जब कोई बात बिगड़ जाए' जैसे गाने गाए। परिवार के सदस्यों को समर्पित कविताएं भी प्रस्तुत की गईं।

### छेड़छाड़ का दोषी एक साल की परिवीक्षा पर रिहा

**कानपुर देहात।** शिवराजपुर क्षेत्र के एक मोहल्ले में रात को छत पर सो रही किशोरी से छेड़छाड़ करने के मामले की सुनवाई करते हुए पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी युवक को दोषी ठहराते हुए उसे एक साल की सदाचार की पेरोल पर रिहा कर दिया है। विशेष लोक अभियोजक विकास सिंह ने बताया कि शिवराजपुर क्षेत्र के मोहल्ला निवासी किशोरी 28 मार्च 2016 की रात अपनी छोटी बहन के साथ घर की छत पर सो रही थी। उसी दौरान पड़ोस में रहने वाला युवक आकाश उसकी छत पर चढ़ आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। इसी बीच उसकी छोटी बहन जग गई और शोर मचा दिया तो युवक भाग निकला। मामले में पीड़िता के भाई ने आरोपी आकाश के खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए आरोपी आकाश को गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही उसके खिलाफ छेड़छाड़ पॉक्सो एक्ट में आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे। इस मामले की सुनवाई करते हुए एडीजे-13 पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने व पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर घटना के समय किशोरी को नाबालिग नहीं पाया। वहीं आरोपी व किशोरी के बीच प्रेम संबंध होने के तथ्य साबित होने पर कोर्ट ने आरोपी को छेड़छाड़ के अपराध में दोषी सिद्ध किया। उधर बचाव पक्ष की मांग पर आरोपी का कोई आपराधिक इतिहास न होने के कारण अदालत ने आरोपी को एक साल की सदाचार की परिवीक्षा अवधि पर सशर्त रिहा कर दिया है।

### जीएसवीमए मेडिकल कॉलेज में आई अत्याधुनिक लेजर मशीन

# टैटू और जन्मजात दागों से मिलेगा छुटकारा

**हरी शंकर शर्मा, कानपुर।**

शहरवासियों और आसपास के जिलों के मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। जीएस-वीएम मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल में अब अत्याधुनिक तकनीक से शरीर के अनचाहे टैटू, जन्मजात दाग और तिल हटाना आसान हो गया है। उत्तर प्रदेश शासन ने मेडिकल कॉलेज को 27 लाख रुपये की लागत वाली क्यू स्विच्ड एनडी यैग लेजर मशीन उपलब्ध कराई है।

डॉ. शिवहरे के अनुसार, चर्म रोग विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 10 से 15 मरीज ऐसे आते हैं जो तिल, अनचाहे टैटू या पिगमेंटेशन से परेशान रहते हैं। एल-एलआर (हैलट) अस्पताल में इस मशीन के शुरू होने से अब गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों को निजी क्लीनिकों के महंगे इलाज से मुक्ति मिलेगी और सरकारी दर पर विश्वस्तरीय सुविधा प्राप्त होगी।

#### बिना दर्द और बिना निशान के होगा इलाज

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. संजय काला ने इस मशीन को चर्म रोग विभाग को सौंपते हुए बताया कि यह मशीन त्वचा के कायाकल्प के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह त्वचा की ऊपरी परत को नुकसान पहुँचाए बिना सीधे पिगमेंटेशन (दाग-धब्बे) पर वार करती है। यह एक डे-केयर सर्जिकल प्रक्रिया है, यानी मरीज को अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं होगी।

#### क्यों खास है यह तकनीक?

चर्म रोग विभागाध्यक्ष डॉ. डी.पी. शिवहरे ने बताया कि वर्तमान में टैटू कल्चर के कारण बड़ी संख्या में युवा इसे हटवाने के लिए ओपीडी में आते हैं। अभी तक इनका इलाज दवाओं से किया जा रहा था, जो काफी लंबा और सीमित असर वाला था।




लेकिन मशीन के आ जाने से अब कम समय में मरीज को इन टैटू और तिल से छुटकारा मिल सकेगा। इसका सबसे बडा फायदा यह है कि बिना चीरा और, बिना दर्द के दाग-धब्बों का परमानेंट इलाज अब संभव है।

#### मशीन की प्रमुख विशेषताएं

यह लेजर गहरे से गहरे टैटू की स्याही के कणों को बारीक टुकड़ों में तोड़ देती है, जिससे वे धीरे-धीरे शरीर से साफ हो जाते हैं। इसके साथ ही जन्मजात शरीर पर मौजूद काले या नीले निशानों को पूरी तरह खत्म करने में सक्षम। मेलास्मा और झाइयां धूप के कारण होने वाले काले धब्बों और झाइयों को हटाने में कारगर। इसके साथ ही स्किन टोनिंग त्वचा की रंगत को एक समान बनाने और प्राकृतिक चमक लौटाने में भी सहायक है।

## संक्षिप्त वार्ता

### धरती के बेहद करीब से गुजरेगा एस्टेरॉयड, वैज्ञानिकों ने दिया सुरक्षा का भरोसा

**न्यूयार्क।** अगले हफ्ते एक एस्टेरॉयड, जिसका नाम 2026 जेएच2 है, हमारी पृथ्वी के बहुत करीब से गुजरने वाला है। नासा के वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि यह खगोलीय पिंड चंद्रमा की तुलना में काफी कम दूरी से निकलेगा, लेकिन अच्छी खबर है कि धरती से इसके टकराने की कोई आशंका नहीं है। यह एस्टेरॉयड करीब 90,917 किलोमीटर की दूरी से गुजरेगा, जो चंद्रमा और पृथ्वी के बीच की दूरी का करीब एक चौथाई है। खगोलविदों के लिए इतनी नजदीकी से गुजरना एक दुर्लभ घटना है, फिर भी उन्होंने इसके गुजरने को पूरी तरह सुरक्षित बताया है। अमेरिका के कैनसास और एरिजोना की स्पेस ऑब्जरवेटरी के वैज्ञानिकों ने हाल ही में एस्टेरॉयड की खोज की है। इस अपोलो क्लास के एस्टेरॉयड के रूप में वर्गीकृत किया है, जिसका अर्थ है कि इसकी कक्षा पृथ्वी की कक्षा को पार करती है। वैज्ञानिक अभी तक इस एस्टेरॉयड को 24 बार ट्रैक कर चुके हैं और इसके आकार, गति तथा रास्ते को बेहतर ढंग से समझने का प्रयास कर रहे हैं। अनुमान है कि यह 50 से 100 फीट मोटा हो सकता है, जो एक छोटे भवन के बराबर है।

### अमेरिका में सोना रखना था अपराध, जनता से जबरन छीना था गोल्ड

**वाशिंगटन।** आज के दौर में सोना सुरक्षित निवेश और संपन्नता का सबसे बड़ा प्रतीक माना जाता है, लेकिन इतिहास के पन्नों में एक ऐसा अध्याय भी दर्ज है जब दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, अमेरिका में सोना रखना एक गंभीर कानूनी अपराध बन गया था। यह घटना साल 1933 की है, जब अमेरिका ग्रेट डिप्रेशन यानी महामंदी की भीषण मार झेल रहा था। उस समय बैंकिंग व्यवस्था चरमरा गई थी और लोगों का वित्तीय संस्थानों से भरोसा पूरी तरह टूट चुका था। उस दौर में दुनिया गोल्ड स्टैंडर्ड प्रणाली पर आधारित थी, जिसका अर्थ था कि सरकार केवल उतना ही कैश छाप सकती थी जितना उसके पास सोने का भंडार सुरक्षित हो। आर्थिक अनिश्चितता के माहौल में घबराए हुए लोगों ने बैंकों से अपना पैसा निकालकर उसे सोने के सिक्कों और बिस्कुटों में बदलकर घरों में जमा करना शुरू कर दिया।

### दुनिया भर में बढ रहा कोरियन 'ओप्पा' कल्चर

**सिओल।** पिछले कुछ वर्षों में कोरियन ड्रामा और के-पॉप का क्रेज दुनियाभर में तेजी से बढ़ा है। इसी क्रम में कोरियन लड़कों का स्टाइल, व्यवहार और व्यक्तित्व भी लड़कियों के बीच खासा लोकप्रिय हो गया है। आपने सोशल मीडिया, के-ड्रामा या नेटफ्लिक्स की दुनिया 'ओप्पा' शब्द जरूर सुना होगा। कोरियाई भाषा में 'ओप्पा' का अर्थ होता है 'बड़ा भाई'। यह शब्द लड़कियां अपने से बड़े किसी करीबी लड़के के लिए इस्तेमाल करती हैं। हालांकि समय के साथ इसका मतलब बदल गया और अब यह शब्द प्यार, सम्मान और भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक बन चुका है। आज कई लड़कियां अपने बॉयफ्रेंड या पसंदीदा लड़के को भी प्यार से 'ओप्पा' कहकर बुलाती हैं। कोरियन लड़कों की लोकप्रियता के पीछे सबसे बड़ा कारण उनका व्यवहार माना जा रहा है।



फ्रांस के कान्स में जारी 79 के अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में फिल्म फादरलैंड के प्रीमियर में पोज देती हुई युआन शेनसान।

# चीन से दोस्ती के बीच क्यूबा में अमेरिका की बड़ी घेराबंदी

## सीआईए प्रमुख ने किया गुप्त दौरा

**वेब वार्ता, वाशिंगटन**

एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात कर अच्छे संबंधों का दावा कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ अमेरिका ने चीन, रूस और ईरान के रणनीतिक गढ़ माने जाने वाले क्यूबा की घेराबंदी तेज कर दी है। ट्रंप की इस कूटनीति के बीच अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के डायरेक्टर जॉन रैटक्लिफ ने अचानक क्यूबा का दौरा किया। रैटक्लिफ ने क्यूबा के गृह मंत्री लाजारो अल्वारेज कासास और पूर्व राष्ट्रपति राउल कास्त्रो के पोते सहित शीर्ष अधिकारियों से सीधी बातचीत की।

उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप का कड़ा संदेश दिया कि अमेरिका आर्थिक सहयोग के लिए तैयार है, बशर्ते क्यूबा को अपनी नीतियों में बुनियादी बदलाव करने होंगे। अमेरिका क्यूबा से लोकतंत्र की बहाली, राजनीतिक कैदियों की रिहाई, सरकारी उद्योगों के निजीकरण और चीन-रूस के सैन्य अड्डों को बंद करने की मांग कर रहा है। गंभीर ईंधन संकट और रोजाना 20-22 घंटे की बिजली कटौती से जूझ रहे क्यूबा के पास अब विकल्प सीमित हैं। अमेरिका ने उसे वेनेजुएला जैसा सैन्य एक्शन लेने की सख्त चेतावनी दी है। यही वजह है कि क्यूबा जैसे बंद सिस्टम ने न सिर्फ सीआईए प्रमुख का स्वागत किया, बल्कि इस मुलाकात को सार्वजनिक भी किया। क्यूबा ने सफाई दी कि वह अमेरिका के लिए कोई खतरा नहीं है। इसके साथ ही, अमेरिका 1996 में विमान गिराने के मामले में क्यूबा के 94 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति राउल कास्त्रो पर आपराधिक मुकदमा चलाने की तैयारी भी कर रहा है। यदि क्यूबा अमेरिकी दबाव में झुकता है, तो यह चीन के लिए सबसे बड़ा नुकसान होगा।

# जिनपिंग ने ट्रंप की कर दी भयंकर बेइज्जती, अमेरिका को बताया गिरता हुआ देश

## डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस बात पर जिनपिंग से सहमति जताई

**वेब वार्ता, बीजिंग**

ईरान और पश्चिम एशिया संकट के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चीन यात्रा इस समय पूरी दुनिया में कौतूहल का विषय बनी हुई है। बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हुई कूटनीतिक मुलाकात के दौरान एक ऐसे बयान ने वैश्विक राजनीति में हलचल मचा दी है, जिसे अमेरिका के लिए एक बड़ा कूटनीतिक झटका माना जा रहा है। बैठक के दौरान शी जिनपिंग ने अमेरिका की ओर इशारा करते हुए उसे पतन की ओर जाता देश या गिरता हुआ राष्ट्र कह दिया। दिलचस्प बात यह है कि डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस बात पर जिनपिंग से सहमति जताई, लेकिन उन्होंने इस पूरे बयान की एक नई कूटनीतिक व्याख्या पेश की है।



डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट के जरिए अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए अपनी सरकार का बचाव किया और पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल पर निशाना साधा। ट्रंप का तर्क है कि जब चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अत्यंत नजाकत के साथ अमेरिका को एक संभवतः पतनशील राष्ट्र कहा, तो उनका इशारा उनके मौजूदा प्रशासन की तरफ नहीं, बल्कि बाइडन प्रशासन के उन चार वर्षों की तरफ था जिसमें अमेरिका को भारी नुकसान उठाना पड़ा। ट्रंप ने लिखा कि बाइडन के कार्यकाल को लेकर जिनपिंग की यह बात सौ फीसदी सही है, क्योंकि खुली सीमाओं, ऊंचे टैक्स, खराब व्यापार समझौतों और बढ़ते अपराध के कारण दो साल पहले तक अमेरिका सचमुच एक गिरता हुआ देश बन चुका था।

हालांकि, यह पूरी तरह साफ नहीं हो सका है कि जिनपिंग ने यह टिप्पणी द्विपक्षीय निजी बातचीत में की या सार्वजनिक मंच पर। सार्वजनिक संबोधन के दौरान शी जिनपिंग ने थ्यूसिडिडीज ट्रैप की चेतावनी देते हुए कहा था कि दुनिया एक नए मोड़ पर है और क्या दोनों देश बड़ी शक्तियों के संबंधों का नया मॉडल बना सकते हैं? इसके साथ ही उन्होंने सदी के सबसे बड़े बदलावों का भी जिक्र किया, जिसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से स्थापित अमेरिकी वैश्विक व्यवस्था के कमजोर होने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। दूसरी ओर, ट्रंप ने दावा किया कि उनके दोबारा सत्ता में आने के बाद से अमेरिकी शेयर बाजार रिकॉर्ड स्तर पर हैं, रोजगार बाजार मजबूत हुआ है और अमेरिका फिर से एक आर्थिक व सैन्य महाशक्ति बनकर उभरा है। ट्रंप के अनुसार, शी जिनपिंग ने उन्हें इन अद्भुत सफलताओं के लिए बधाई भी दी है।

### जिनपिंग की चेतावनी पर ताइवान का पलटवारः चीन ही क्षेत्रीय असुरक्षा का मूल कारण

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन दौरे के दौरान हुई द्विपक्षीय वार्ता में ताइवान का मुद्दा गर्माया हुआ है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस मामले को बेहद संवेदनशील बताकर अमेरिका को टकराव की चेतावनी दी, जिस पर ताइवान ने पलटवार कर चीन को ही क्षेत्रीय असुरक्षा का एकमात्र कारण बताया। बीजिंग में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी बैठक के दौरान, शी ने कहा कि ताइवान मुद्दा चीन-अमेरिका संबंधों में सबसे महत्वपूर्ण है और इस मुददे को गलत तरीके से संभाला गया तब यह बहुत खतरनाक स्थिति पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि ताइवान की स्वतंत्रता और क्रॉस-स्ट्रेट शांति आग और पानी की तरह एक-दूसरे के विपरीत हैं। चीनी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि अगर ताइवान के मुद्दे को ठीक से नहीं संभाला गया, तब दोनों देशों के बीच टकराव और यहां तक कि संघर्ष की स्थिति पैदा हो सकती है, जिससे पूरे द्विपक्षीय संबंध खतरे में पड़ जाएंगे। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ताइवान पर अपना दावा करती है और उसने कसम खाई है कि जरूरत पड़ने पर वह इसे जबरदस्ती अपने नियंत्रण में ले लेगी।

# स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में जहाजों की आवाजाही शुरू

## कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट

**वेब वार्ता, तेहरान**

दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री तेल मार्ग, स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में जहाजों की आवाजाही को लेकर बड़ी हलचल सामने आई है। ईरान ने दावा किया है कि इस रणनीतिक मार्ग से कुछ जहाजों को गुजरने की अनुमति दी गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल के कुछ घंटों में लगभग 30 जहाजों ने इस जलडमरूमध्य को पार किया है। इनमें विशेष रूप से कुछ चीनी जहाजों को ट्रांजिट की अनुमति दी गई है, जिससे अंतरराष्ट्रीय शिपिंग ट्रैफिक में सक्रियता बढ़ी है।

इस घटनाक्रम का सीधा और सकारात्मक असर वैश्विक तेल बाजार पर पड़ा है। कच्चे तेल की सप्लाई बाधित होने की आशंका कम होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। ब्रेंट क्रूड ऑयल फ्यूचर्स 73 सेंट (लगभग 0.7प्रतिशत) गिरकर 104.90 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं, अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट फ्यूचर्स भी 20 सेंट की गिरावट के साथ 100.82 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ।

बाजार में यह गिरावट ऐसे समय में देखी गई है जब निवेशक अमेरिका में संभावित ब्याज दरों में बढ़ोतरी को लेकर पहले से ही



चिंतित हैं। इस बीच, कूटनीतिक स्तर पर भी बड़ी प्रगति हुई है। व्हाइट हाउस के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बैठक में इस बात पर सहमति बनी है कि ऊर्जा के मुक्त प्रवाह के लिए स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज का खुला रहना अनिवार्य है। स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि दुनिया के कुल तेल व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इसी संकरे रास्ते से होकर गुजरता है। यहां किसी भी तरह का तनाव या रुकावट सीधे तौर पर वैश्विक सप्लाई चेन और वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती है। हालांकि ईरान द्वारा जहाजों को अनुमति दिए जाने से फिलहाल तनाव में कुछ कमी आई है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय अभी भी इस क्षेत्र की गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए है।

# पाकिस्तान में सेना के कैंप पर आत्मघाती हमला, 15 सैनिकों की मौत

## टीटीपी ने ली हमले की जिम्मेदारी

**वेब वार्ता, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत स्थित बाजौर में सेना के एक कैंप पर बड़ा आत्मघाती हमला हुआ है। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, इस हमले में कम से कम 15 पाकिस्तानी सैनिकों की जान चली गई है। आतंकियों ने इस हमले को एक सोची-समझी साजिश के तहत अंजाम दिया।

घटनाक्रम के मुताबिक, हमलावरों ने सबसे पहले सेना परिसर के एक हिस्से में जोरदार धमाका किया। इस विस्फोट से मची अफरा-तफरी का लाभ उठाकर भारी हथियारों से लैस आतंकवादी कैंप के भीतर घुस गए। इसके बाद सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच काफी देर तक भीषण मुठभेड़ जारी रही। आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने इस



आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली है। संगठन ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि यह हमला उनकी स्पेशल इस्तशहादी फोर्सेज द्वारा किया गया है।

अक्टूबर 2025 में क्वेटा में हुए हमले के बाद यह पहली बार है जब टीटीपी ने आधिकारिक तौर पर किसी आत्मघाती बम धमाके की जिम्मेदारी स्वीकार की है। गौरतलब है कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत लंबे समय से उग्रवाद और आतंकवाद से प्रभावित रहा है और इस ताजा हमले के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को बेहद कड़ा कर दिया गया है।

हैरानी की बात यह है कि खैबर पख्तूनख्वा में एक सप्ताह के भीतर यह दूसरा आत्मघाती हमला है। इससे पहले मंगलवार को लक्की मरवत जिले के नौरंग बाजार में विस्फोटकों से भरे एक ऑटोरिक्शा के जरिए धमाका किया गया था, जिसमें दो पुलिसकर्मियों और एक महिला सहित कई लोगों की मौत हुई थी। इसके अलावा, इसी साल फरवरी में भी इस प्रांत में हुए एक आतंकी हमले में 5 पुलिसकर्मियों और दो नागरिकों की जान गई थी। लगातार हो रहे इन हमलों ने पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा और सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ते आतंकी प्रभाव पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### हैती में गैंगवारः 78 लोगों की मौत, 66 घायल

**पोर्ट-ओ-प्रिंस।** हैती की राजधानी पोर्ट-ओ-प्रिंस एक बार फिर भीषण हिंसा और गैंगवार की चपेट में है। शहर के बाहरी इलाकों, विशेष रूप से सिटी सोलेय और क्रोआ-दे-बुके में पिछले कुछ दिनों से जारी खूनी संघर्ष ने भयावह रूप ले लिया है। इस तांडव में अब तक कम से कम 78 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 66 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, मृतकों में 10 आम नागरिक भी शामिल हैं, जिनमें महिलाएं और एक छोटी बच्ची भी है। इन इलाकों में पिछले दो वर्षों से आपराधिक गिरोहों का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है, जिससे सामान्य जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। हालात इतने बेकाबू हो चुके हैं कि लोग अपनी जान बचाने के लिए सामूहिक पलायन कर रहे हैं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, हिंसा के डर से अब तक करीब 5300 लोग अपना घर-बार छोड़कर विस्थापित हो चुके हैं।



रुस में यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद रेयाजान तेल रिफायनरी से उठता हुआ धूआं।

**जिंदगी** चिकित्सा विज्ञान ने ऐसा चमत्कार कर दिखाया है जिसने सभी को हैरान कर दिया

# अनोखी घटना : मां के गर्भ से दो बार जन्मा एक ही बच्चा

**वेब वार्ता, लंदन**

चिकित्सा विज्ञान ने ऐसा चमत्कार कर दिखाया है जिसने सभी को हैरान कर दिया। यह अनोखी घटना मेडिकल जगत में चर्चा का विषय बनी हुई है। यह हैरान करने वाली घटना है एक नवजात शिशु का अपनी जिंदगी बचाने के लिए मां के गर्भ से दो बार जन्म लेना। बच्चे का नाम कैसियन जौबर्ट है, जिसकी जिंदगी बचाने के लिए डॉक्टरों ने बेहद जोखिम भरी और दुर्लभ सर्जरी का सहारा लिया। इस पूरे मामले को चिकित्सा विज्ञान की बड़ी



उपलब्धि माना जा रहा है। कैसियन की मां के एशर और पिता ग्रेग जौबर्ट को जनवरी 2025 में पता चला था कि उनके घर दूसरा बच्चा आने वाला है।

परिवार इस खबर से बेहद खुश था, लेकिन गर्भावस्था के 19वें सप्ताह में डॉक्टरों ने एक गंभीर बीमारी का पता लगाया। जांच में सामने आया कि गर्भ में पल रहे बच्चे को 'कैओस' नाम की बेहद दुर्लभ बीमारी है। इस बीमारी में बच्चे की सांस की नली एक मोटी झिल्ली से बंद हो जाती है, जिससे फेफड़ों में तरल पदार्थ भरने लगता है और अधिकांश मामलों में बच्चे की जान नहीं बच पाती। डॉक्टरों ने पहले गर्भ के भीतर लेजर तकनीक से ब्लॉकेज हटाने की कोशिश की, लेकिन यह प्रयास सफल नहीं हो सका। इसके बाद डॉक्टरों की टीम ने एक बेहद कठिन और जोखिम भरा फैसला लिया।

जून 2025 में, जब के एशर 25 सप्ताह की गर्भवती थीं, तब डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर उनके पेट को खोला और बच्चे का सिर तथा हाथ बाहर निकाले, जबकि बाकी शरीर गर्भ और प्लेसेंटा से जुड़ा रहा। इसी दौरान विशेषज्ञ डॉक्टर इमैनुएल व्लास्तोस ने बच्चे की गर्दन पर बेहद बारीक सर्जरी कर उसकी सांस की नली बनाई। सर्जरी पूरी होने के बाद बच्चे को दोबारा गर्भ में रखकर पेट को सिल दिया गया। करीब दो महीने बाद अगस्त 2025 में कैसियन का सामान्य तरीके से जन्म हुआ। इस तरह यह बच्चा दो बार मां के गर्भ से बाहर आया। जन्म के समय उसका वजन केवल 1.4 किलोग्राम था और उसे चार महीने से ज्यादा समय तक नवजात गहन चिकित्सा इकाई में रखना पड़ा। अब उसकी हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है।

# ब्रिटिश सांसद के इस्तीफे से स्टार्मर की कुर्सी पर संकट

**वेब वार्ता, लंदन**

ब्रिटेन की सत्ताधारी लेबर पार्टी के भीतर आंतरिक कलह और नेतृत्व परिवर्तन की सुगबुगाहट तेज हो गई है। लेबर पार्टी के सांसद जोश सिमंस ने ग्रेटर मैनचेस्टर के मेयर एंडी बर्नहैम के लिए अपनी संसद सीट छोड़ते हुए इस्तीफा दे दिया है। सिमंस के इस कदम के बाद मेकरफील्ड निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनाव होना तय है, जहां से एंडी बर्नहैम चुनाव लड़कर ब्रिटिश संसद (हाउस ऑफ कॉमन्स) में वापसी कर सकते हैं। बर्नहैम को मौजूदा प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के खिलाफ लेबर पार्टी में सबसे मजबूत और संभावित प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखा जा रहा है। जोश सिमंस ने सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए स्टार्मर सरकार पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार उनके निर्वाचन क्षेत्र में जरूरी बदलाव लाने में नाकाम रही है, इसलिए उन्होंने एक ऐसे साहसी नेता के लिए जगह खाली की है जो इन विपरीत परिस्थितियों का डटकर सामना कर सके। इसके तुरंत बाद, एंडी बर्नहैम ने भी पुष्टि की कि वह इस उपचुनाव में उतरने के लिए लेबर पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति (एनईसी) से औपचारिक अनुमति मांगेंगे।

# अमेरिका में अदाणी पर कानूनी दबाव घटने के संकेत, कई जांचों के समाधान के करीब

» न्यूयॉर्क/नई दिल्ली, एजेंसी।



उद्योगपति गौतम अदाणी अमेरिका में जारी कई कानूनी जांचों के व्यापक समाधान के करीब हैं। इस क्रम में अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग ने अपने दीवानी मामले का निपटारा कर लिया है जबकि न्याय विभाग एवं कोषागार विभाग आने वाले दिनों में समानांतर जांचों को समाप्त कर सकते हैं। मामले से अवगत लोगों ने यह जानकारी दी। अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) ने बृहस्पतिवार को गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर अदाणी के खिलाफ निवेशकों को किए गए खुलासों से जुड़े दीवानी आरोपों का निपटारा किया, जो भारत में सौर ऊर्जा परियोजनाओं से संबंधित थे। अदालत के अभिलेखों के अनुसार, गौतम अदाणी ने छह लाख डॉलर और सागर अदाणी ने 1.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान करने पर सहमति जताई है लेकिन बिना किसी दोष को स्वीकार या अस्वीकार किए। इसके बाद अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) दोनों के खिलाफ आपराधिक आरोप हटाने की तैयारी कर रहा है। यह कदम अभियोजकों और सुलिवन एंड क्रॉमवेल के वरिष्ठ भागीदार तथा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निजी वकीलों में से एक रॉबर्ट जे जिउफ्रा जूनियर के नेतृत्व वाले व्यापक कानूनी दल के बीच कई महीनों की बातचीत के बाद उठाया जा रहा है। नवंबर 2024 में अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग द्वारा दायर मामले और अमेरिकी न्याय विभाग की आपराधिक शिकायत में आरोप लगाया गया था कि अदाणी समूह ने भारतीय अधिकारियों को 26.5 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने की योजना बनाई, ताकि सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल किए जा सकें। साथ ही धन जुटाते समय इस योजना को अमेरिकी निवेशकों और बैंकों से छिपाया गया। अभियोजकों ने अदाणी पर प्रतिभूति धोखाधड़ी और वायर धोखाधड़ी के तहत आरोप लगाए थे। हालांकि उन्हें अन्य आरोपियों के खिलाफ लगाए गए विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम (एफसीपीए) के तहत रिश्वतखोरी के अधिक गंभीर आरोपों में नामित नहीं किया गया था। गौतम अदाणी अदाणी समूह के चेयरमैन और सागर अदाणी, अदाणी ग्रीन एनर्जी में कार्यकारी निदेशक हैं। अदाणी समूह ने लगातार किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार किया और कहा कि वह मजबूत शासन और अनुपालन मानकों का पालन करता है। प्रस्तावित समझौता कई महीनों की बातचीत के बाद हुआ है जिसमें अदाणी की ओर से सुलिवन एंड क्रॉमवेल, निक्सन पीबॉडी, हेकर फिंक, नॉर्टन रोज फुलब्राइट और ब्रेसवेल जैसी विधि कंपनियों के वकील शामिल थे। उन्होंने तर्क दिया कि अभियोजकों के पास मामले को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त साक्ष्य और अधिकार क्षेत्र नहीं है। सूत्रों के अनुसार, मामले को पूर्वाग्रह सहित खारिज किए जाने की संभावना है जिससे इसे दोबारा खोला नहीं जा सकेगा। इस मामले ने कानूनी विशेषज्ञों के बीच यह बहस भी छेड़ी कि क्या अमेरिकी अभियोजकों ने मुख्य रूप से भारत में केंद्रित गतिविधियों पर कार्रवाई करने के लिए प्रतिभूति कानूनों का अत्यधिक विस्तार किया। पूर्व अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग आयुक्त लौरा उंगर ने सरकार के दृष्टिकोण की आलोचना करते हुए कहा कि अभियोजकों ने पर्याप्त अधिकार क्षेत्र के बिना रिश्वतखोरी के आरोपों को प्रतिभूति धोखाधड़ी के मामले में जबरन शामिल करने की कोशिश की।

## संक्षिप्त वार्ता

### ईंधन महंगा होने से हरित ऊर्जा निवेश को मिल सकती है रफ्तार

**नई दिल्ली।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में शुक्रवार को हुई बढ़ोतरी के बाद विशेषज्ञों ने कहा है कि बढ़ती ईंधन लागत से देश में नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा संरक्षण और वैकल्पिक आपूर्ति व्यवस्थाओं में निवेश को गति मिल सकती है। उनका मानना है कि यह स्थिति केवल आर्थिक दबाव ही नहीं, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी रणनीतिक चुनौती भी बनती जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, ईंधन की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर परिवहन, उत्पादन और उपभोक्ता वस्तुओं की लागत पर पड़ता है। इससे महंगाई बढ़ने की आशंका रहती है और आम लोगों की क्रय क्षमता प्रभावित हो सकती है। इंफोमेरिक्स रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री डॉ. मनोरंजन शर्मा ने कहा कि तेल आयात पर अत्यधिक निर्भर देशों की आर्थिक वृद्धि धीमी पड़ सकती है। औद्योगिक उत्पादन कमजोर होने के साथ आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भी बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी परिस्थितियां नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता से जुड़े क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा संकट ऊर्जा आपूर्ति के लिए राजनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों पर अत्यधिक निर्भरता के जोखिम को भी उजागर करता है। भारत अपनी कुल आवश्यकता का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है, जिसके कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। डॉ. शर्मा के अनुसार, कच्चे तेल के आयात पर बढ़ता खर्च विदेशी मुद्रा भंडार और वित्तीय स्थिरता पर दबाव डाल सकता है। यदि रुपए में कमजोरी आती है तो आयात लागत और अधिक बढ़ सकती है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वस्तु एवं मुद्रा अनुसंधान विभाग के उपाध्यक्ष जतीन त्रिवेदी ने कहा कि ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी से अल्पकाल में महंगाई और परिवहन लागत पर असर पड़ सकता है, लेकिन दीर्घकाल में इससे विद्युत चालित वाहनों को अपनाने की गति तेज हो सकती है। उन्होंने कहा कि इससे आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करने के प्रयासों को भी बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच ईंधन पर दी जाने वाली सहायता राशि को नियंत्रित करने और विदेशी मुद्रा भंडार की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

# रुपया शुरूआती कारोबार में 30 पैसे टूटकर 95.94 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को 30 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.94 पर पहुंच गया। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, मजबूत डॉलर और पश्चिम एशिया संकट को लेकर चिंताओं से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि तेल की कीमतों में तेजी के बीच डॉलर की खरीदारी जारी रहने के कारण रुपया दबाव में है और यह 96 के निशान के बहुत करीब बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.86 प्रति डॉलर पर खुला। फिर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.94 तक टूट गया जो पिछले बंद भाव से 30 पैसे की गिरावट दशार्ता है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.96 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक कमजोर हुआ। हालांकि, अंत में दो पैसे की मामूली बढ़त के साथ 95.64 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.05 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 239.14 अंक चढ़कर 75,637.86 अंक पर जबकि निफ्टी 78.30 अंक की बढ़त के साथ 23,767.90 अंक पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 107.09 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को शुद्ध लिवाल रहे थे और उन्होंने 187.46 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# पाकिस्तान ने चीन में पहली बार जारी किया पांडा बॉन्ड, 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए

» इस्लामाबाद, एजेंसी।




पाकिस्तान ने चीन में अपना पहला पांडा बॉन्ड जारी करते हुए 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए और इसके साथ ही उसने चीनी पूंजी बाजार में प्रवेश किया है।

पांडा बॉन्ड वह ऋण साधन होता है जो चीनी रेनमिन्बी (आरएमबी) में किसी विदेशी इकाई जैसे संप्रभु सरकार, अंतरराष्ट्रीय संगठन या बहुराष्ट्रीय कंपनी द्वारा जारी किया जाता है। यह चीन के घरेलू पूंजी बाजार में सीधे बेचा जाता है। ि


वत्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब के सलाहकार खुर्रम शहजाद ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस बॉन्ड पर 2.5 प्रतिशत ब्याज दर की पेशकश की गई है और इसकी परिपक्वता अवधि तीन वर्ष है। शहजाद ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, प्रारंभिक पांडा बॉन्ड तीन वर्ष की स्थिर ब्याज दर वाला साधन है जिससे यह चीन के विदेशी पूंजी बाजार में पाकिस्तान का पहला आरएमबी-मूल्यांकित संप्रभु निर्गम बन गया है। समाचार चैनल जियो न्यूज के अनुसार, पाकिस्तान ने पिछले महीने 75 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाने के लिए यूरोबॉन्ड (एक अंतरराष्ट्रीय ऋण साधन) भी जारी किया था। पाकिस्तान ने सऊदी अरब से जमा के रूप में अतिरिक्त तीन अरब अमेरिकी डॉलर भी जुटाए और संयुक्त अरब अमीरात को 3.4 अरब अमेरिकी डॉलर लौटाए। पाकिस्तान को दो मौजूदा ऋण सुविधाओं के तहत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर भी प्राप्त हुए।

सलाहकार खुर्रम शहजाद ने कहा कि यह निर्गम केवल वित्तीय लेनदेन से अधिक है, क्योंकि इससे चीन के पूंजी बाजार में पाकिस्तान का प्रवेश हुआ है और पाकिस्तान-चीन वित्तीय सहयोग को मजबूती मिली है।

उन्होंने कहा, पांडा बॉन्ड की सफलता वैश्विक निवेशकों को यह मजबूत संकेत देती है कि पाकिस्तान की आर्थिक सुधार प्रक्रिया को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिल रही है। उन्होंने बताया कि इस निर्गम को एशियाई विकास बैंक और एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक का समर्थन प्राप्त है।

# वायदा कारोबार में सोने की कीमत 1.78 प्रतिशत घटकर 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम

» नई दिल्ली, एजेंसी।




वायदा कारोबार में सोने की कीमत शुक्रवार को 2,880 रुपये घटकर 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

मजबूत अमेरिकी डॉलर, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के कम होने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर जून में आपूर्ति वाले सोने के अनुबंधों का भाव 2,880 रुपये या 1.78 प्रतिशत टूटकर 1,59,098 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

इसमें 7,714 लॉट का कारोबार हुआ। लेमॉन मार्केट्स डेस्क के अनुसंधान विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा कि मजबूत डॉलर और जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण बाजार की धारणा में उतार-चढ़ाव आया और इसी वजह से शुक्रवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई। विश्लेषकों के अनुसार, सरकार के बृहस्पतिवार को सोने पर 100 किलोग्राम की मात्रा सीमा के साथ अन्य पाबंदियां लगाने के निर्णय के बाद अतिरिक्त दबाव बना। यह गिरावट वैश्विक बाजारों में कमजोरी के अनुरूप रही, जहां न्यूयॉर्क में जून में आपूर्ति वाले अनुबंध के लिए कॉमेक्स पर सोने का वायदा भाव 112.75 डॉलर या 2.41 प्रतिशत घटकर 4,572 डॉलर प्रति औंस रह गया।

# आईआईटी रुड़की ने तैयार किया सूक्ष्म जलवायु आंकड़ा संग्रह, आपदा प्रबंधन को मिलेगा नया आधार


» नई दिल्ली, एजेंसी।



भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के वैज्ञानिकों ने भारत के लिए एक अत्याधुनिक और मुक्त उपयोग वाला सूक्ष्म जलवायु अनुमान आंकड़ा संग्रह तैयार किया है। इंद्र-सीएमआईपी6 नाम से विकसित यह प्रणाली देश में जलवायु अनुकूलन, आपदा तैयारी, बाढ़ प्रबंधन और जलवायु जोखिम मूल्यांकन को अधिक सटीक और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। संस्थान के जल विज्ञान विभाग के शोधकर्ताओं द्वारा विकसित इस आंकड़ा संग्रह को प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिका साइंटिफिक डेटा में प्रकाशित किया गया है। इसमें भारतीय उपमहाद्वीप के लिए लगभग 10 किलोमीटर के स्थानिक स्तर पर दैनिक वर्षा तथा न्यूनतम और अधिकतम तापमान के अनुमान उपलब्ध कराए गए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, अब तक उपयोग में आने वाले वैश्विक जलवायु मॉडल व्यापक स्तर पर अनुमान प्रस्तुत करते थे, जिनसे भारत की जटिल भौगोलिक परिस्थितियों, मानसूनी स्वरूप और क्षेत्रीय मौसम की चरम स्थितियों का सही आकलन करना कठिन था। यही कारण है कि कई बार स्थानीय स्तर पर बाढ़, सूखा, लू और अत्यधिक वर्षा जैसी परिस्थितियों के पूर्वानुमान में चुनौतियां सामने आती थीं। शोधकर्ताओं ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में जलवायु परिवर्तन का प्रभाव भारत में तेजी से बढ़ा है। बढ़ता तापमान, अनियमित मानसून, शहरी क्षेत्रों में जलभराव, लू की तीव्रता और जल संसाधनों पर बढ़ता दबाव गंभीर चिंता का विषय बन चुके हैं। ऐसी स्थिति में जिला और नदी घाटी स्तर पर सटीक जलवायु अनुमान अत्यंत आवश्यक हो गए हैं। इस आंकड़ा संग्रह को तैयार करने के लिए 14 वैश्विक जलवायु मॉडलों के निष्कर्षों का उपयोग किया गया। वैज्ञानिकों ने द्विस्तरीय त्रुटि-संशोधित निर्मित अनुरूप नामक सांख्यिकीय तकनीक का प्रयोग कर वैश्विक आंकड़ों को भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप अधिक सटीक बनाया। इस तकनीक से दैनिक मौसम परिवर्तन, क्षेत्रीय वर्षा वितरण और तापमान की चरम स्थितियों का बेहतर आकलन संभव हो पाया है। शोध दल के अनुसार, यह प्रणाली 0.1 गुणा 0.1 डिग्री के सूक्ष्म स्तर पर दैनिक वर्षा और तापमान संबंधी अनुमान उपलब्ध कराती है। इसके साथ ही विभिन्न जलवायु मॉडलों के संयुक्त निष्कर्ष भी दिए गए हैं, जिससे शोधकर्ता और नीति निमार्ता अलग-अलग अनुमानों की तुलना कर अनिश्चितताओं का आकलन कर सकेंगे। तकनीकी परीक्षणों में यह पाया गया कि यह नई प्रणाली वैश्विक जलवायु मॉडलों में पाई जाने वाली कई सामान्य त्रुटियों को काफी हद तक कम करती है।

# हलवारा हवाई अड्डे पर पहली वाणिज्यिक उड़ान उतरी, 30 साल का इंतजार खत्म

» चंडीगढ़, एजेंसी।




दिल्ली से एयर इंडिया की एक उड़ान शुक्रवार सुबह पंजाब के लुधियाना स्थित हलवारा हवाई अड्डे पर उतरने वाली पहली वाणिज्यिक उड़ान बन गई। रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने राज्य के कुछ पार्टी नेताओं के साथ दिल्ली से हलवारा आ रही इस उड़ान में यात्रा की। उड़ान के नवनिर्मित हवाई अड्डे पर उतरने के बाद बिट्टू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि दिल्ली से यह उड़ान पंजाब के लिए एक नए अध्याय की शुरूआत है। उन्होंने कहा, ऐतिहासिक उड़ान में अपने ही शहर में उतरने जैसा एहसास और कुछ नहीं होता। आज हलवारा हवाई अड्डे पर मिले अपार और गर्मजोशी भरे स्वागत से, मैं अत्यंत भावुक हूं। लुधियाना के अपने भाइयों-बहनों के चेहरों पर खुशी एवं उत्साह देखकर यह यात्रा और भी खास बन गई। बिट्टू ने कहा, दिल्ली से यह उड़ान पंजाब के लिए एक नए अध्याय की शुरूआत है। 30 साल का इंतजार आखिरकार इस विमान के यहां उतरने के साथ समाप्त हुआ। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय उद्योग और आर्थिक वृद्धि को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। मंत्री ने कहा, पंजाब को यह उपहार देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बहुत धन्यवाद। लुधियाना में व्यापार और निर्यात के लिए अब असीम संभावनाएं हैं। इस उड़ान में राज्यसभा के सदस्य विक्रमजीत साहनी और राजिंदर गुप्ता ने भी यात्रा की जो हाल ही में आम आदमी पार्टी (आप) से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई के वरिष्ठ प्रवक्ता प्रीतपाल सिंह बलियावल भी इसमें सवार थे। बिट्टू ने हाल ही में कहा था कि शुरूआत में दिल्ली और हलवारा के बीच प्रतिदिन दो उड़ानें, एक सुबह और एक दोपहर संचालित की जाएंगी। इससे क्षेत्र के संपर्क में बड़ा सुधार होगा। यह राज्य में यात्रा, व्यापार एवं समग्र आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फरवरी में जालंधर यात्रा के दौरान लुधियाना के हलवारा हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का ऑनलाइन उद्घाटन किया था।

# ओपनएआई ने आईओएस और एंड्रॉयड यूजर्स के लिए चैटजीपीटी मोबाइल ऐप में लॉन्च किया कोडेक्स फीचर

» नई दिल्ली, एजेंसी।




चैटजीपीटी की मूल कंपनी ओपनएआई ने अपने एआई कोडिंग सहायक कोडेक्स को चैटजीपीटी मोबाइल ऐप में शामिल कर दिया है, जिससे डेवलपर्स अब अपने स्मार्टफोन से दूर से ही कोडिंग से जुड़े कामों की निगरानी, प्रबंधन और मंजूरी दे सकेंगे।

यह फीचर फिलहाल प्रीव्यू मोड में शुरू किया गया है और फ्री और गो समेत चैटजीपीटी के सभी प्लान पर उपलब्ध कराया जा रहा है।


इस इंटीग्रेशन के बाद यूजर्स अपने फोन को कोडेक्स चलाने वाली मशीनों जैसे लैपटॉप, मैक मिनी, डेवलपमेंट बॉक्स और मैनेज्ड रिमोट सिस्टम से कनेक्ट कर सकेंगे। इसके जरिए वे सीधे चैटजीपीटी ऐप पर प्रोजेक्ट से जुड़े लाइव अपडेट देख पाएंगे। ओपनएआई के अनुसार, मोबाइल अनुभव के तहत यूजर्स आउटपुट की समीक्षा कर सकेंगे, कमांड को मंजूरी दे पाएंगे, एआई मॉडल बदल सकेंगे, नए कोडिंग टास्क शुरू कर सकेंगे और चल रहे काम की निगरानी कर सकेंगे, वह भी बिना डेस्कटॉप सिस्टम पर लौटे।

कंपनी ने कहा, स्क्रीनशॉट, टर्मिनल आउटपुट, अंतर, परीक्षण परिणाम और मंजूरी जैसी रियल-टाइम अपडेट मोबाइल ऐप में सिंक होती रहेगी, जबकि फाइलें, लॉगिन जानकारी और अनुमति संबंधित डेटा कनेक्टेड मशीन पर ही सुरक्षित रहेगा। कंपनी ने यह भी बताया कि अब हर सप्ताह 40 लाख से अधिक लोग कोडेक्स का उपयोग कर रहे हैं। ओपनएआई ने कहा कि रिमोट एसएसएच सपोर्ट और हुक्स अब सभी प्लान्स में सामान्य रूप से उपलब्ध हैं, जबकि एंटरप्राइज और बिजनेस यूजर्स के लिए प्रोग्रामेटिक एक्सेस टोकन भी शुरू किए गए हैं।

इसके अलावा, ओपेनएआई ने बताया कि स्वास्थ्य और एंटरप्राइज सेक्टर के लिए पात्र चैटजीपीटी एंटरप्राइज वर्कस्पेस में स्थानीय सिस्टम पर कोडेक्स के उपयोग के लिए एचआईपीएए-अनुपालन सपोर्ट भी उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनी ने यह भी घोषणा की कि जल्द ही विंडोज सिस्टम पर चल रहे कोडेक्स को चैटजीपीटी मोबाइल ऐप से जोड़ने की सुविधा भी शुरू की जाएगी।

# घरेलू शेयर बाजारों में शुरूआती कारोबार में तेजी सेंसेक्स 451 अंक चढ़ा

» मुंबई, एजेंसी।



घरेलू शेयर बाजारों सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में तेजी दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 451.46 अंक या 0.60 प्रतिशत चढ़कर 75,850.18 अंक पर पहुंच गया जबकि एनएसई निफ्टी 143.25 अंक या 0.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,832.85 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, पावरग्रिड, भारती एयरटेल, टाइटन, बजाज फाइनेंस और मारुति सुजुकी इंडिया के शेयर में तेजी रही। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इटर्नल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, ट्रेंट और एशियन पेंट्स के शेयर गिरावट में रहे। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण ईंधन खुदरा विक्रेताओं को हो रहे बढ़ते नुकसान के बीच शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। इससे तेल विपणन कंपनियों के शेयर में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई।

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की 225 और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट में जबकि चीन का एसएसई कम्पोजिट बढ़त में रहा।

अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को करीब एक प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए थे।

अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव एक प्रतिशत की तेजी के साथ 107.01 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को शुद्ध लिवाल रहे थे और उन्होंने 187.46 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 12 | 8 | 4 | 16 | +1.053 |
| गुजरात | 12 | 8 | 4 | 16 | +0.551 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | +0.331 |
| पंजाब | 11 | 6 | 4 | 13 | +0.428 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.185 |
| राजस्थान | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.082 |
| दिल्ली | 12 | 5 | 7 | 10 | -0.993 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 | -0.169 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.585 |
| लखनऊ | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.907 |

## मीरपुर टेस्ट में धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान के डब्ल्यूटीसी अंक कटे

**मीरपुर (बांग्लादेश)।** पाकिस्तान के खिलाड़ियों पर बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में मिली हार के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के 2025-27 चक्र में मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उसकी टीम के आठ अंक काट दिए गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार पाकिस्तान ने इस मैच में निर्धारित समय सीमा में आठ ओवर कम किए थे। इस तरह से पाकिस्तान अब अंक तालिका में चार अंकों के साथ आठवें स्थान पर है। वेस्टइंडीज उससे निचले पायदान पर है।आईसीसी में बयान में कहा, "आईसीसी की न्यूनतम ओवरों के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत निर्धारित समय में पूरे नहीं किए गए ओवर में से प्रत्येक ओवर के लिए खिलाड़ियों पर उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के खेल नियमों के अनुच्छेद 16.11.2 के अनुसार, प्रत्येक ओवर कम होने पर टीमों का एक चैम्पियनशिप अंक कट जाता है जिस कारण पाकिस्तान को डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में आठ महत्वपूर्ण अंक गंवाने पड़े। पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने इस जुर्माने को स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित सजा को मान लिया जिससे औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।

## न्यूजीलैंड लौटे ऑलराउंडर रचिन रविंद्र

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र न्यूजीलैंड के इंग्लैंड के आगामी टेस्ट दौरे की तैयारियां शुरू करने के लिए आईपीएल छोड़कर स्वदेश रवाना हो गए हैं। फ्रेंचाइजी ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ अपने घरेलू मैच की पूर्व संध्या पर टीम के बारे में जानकारी देते हुए यह बात कही। केकेआर ने शुक्रवार को बताया, रचिन रविंद्र न्यूजीलैंड के इंग्लैंड के आगामी टेस्ट दौरे के लिए अपनी टेस्ट क्रिकेट की तैयारियां शुरू करने के लिए घर लौट गए हैं। केकेआर की टीम शनिवार को यहां ईडन गार्डन्स में गुजरात टाइटन्स से भिड़ेगी। यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड में तीन मैच की टेस्ट सीरीज से पहले 27 मई से बेलफास्ट में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय मैच खेलेगी। ये मैच लॉर्ड्स (4-8 जून), द ओवल (17-21 जून) और नॉटिंघम (25-29 जून) में खेले जाएंगे। न्यूजीलैंड इस समय 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में दो जीत और एक ड्रॉ के साथ दूसरे स्थान पर है।न्यूजीलैंड की टेस्ट टीम के नियमित सदस्य रविंद्र ने अगस्त 2025 में जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 165 रन बनाए थे। इसके बाद उन्होंने दिसंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ क्राइस्टचर्च में 176 रन बनाए और माउंट माउंगानुई में 72 रन नाबाद तथा 46 रन की पारियां खेलीं।

## खलील और तुषारा की जगह कुलदीप और ग्लीसन सीएसके में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने शुक्रवार को दिल्ली के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज कुलदीप यादव को खलील अहमद की जगह टीम में शामिल किया जबकि आरसीबी ने आईपीएल में नुवान तुषारा की जगह इंग्लैंड के रिचर्ड ग्लीसन को टीम में लिया। खलील और तुषारा दोनों ही चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। आईपीएल ने एक बयान में बताया कि कुलदीप 30 लाख रुपये में सीएसके से जुड़ेंगे जबकि ग्लीसन 1.6 करोड़ रुपये में आरसीबी से जुड़ेंगे। कुलदीप ने 2021 में राजस्थान रॉयल्स के लिए अपना आईपीएल पदार्पण किया था और इस फ्रेंचाइजी के लिए तीन मैच खेले हैं। ग्लीसन ने इंग्लैंड के लिए छह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने नौ विकेट लिए हैं। उन्होंने लीग के 2024 और 2025 सत्र में सीएसके और मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने सीएसके के लिए दो मैच और मुंबई इंडियंस के लिए एक मैच खेला।

## बाकी बचे मैचों में बेखौफ रवैया अपनाए पंजाब किंग्सः बाउचर

**धर्मशाला।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर का मानना है कि पंजाब किंग्स आईपीएल के अपने बाकी बचे मैचों में मानसिक रूप से खुद को तैयार करने और बेखौफ रवैया अपनाने से फिर से लय हासिल कर सकता है। पंजाब की टीम गुरुवार को यहां मुंबई इंडियंस से छह विकेट से हार गई थी जो उसकी लगातार पांचवीं पराजय थी।बाउचर ने जियोहॉटस्टार से कहा,पंजाब किंग्स लगातार करीबी हार के कारण इस स्थिति में पहुंचा है। कभी-कभी शीर्ष चार में बने रहने और क्वालीफाई करने की संभावनाओं के बारे में सोचने से अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। इस तरह की मानसिकता से दूर रहने से उन्हें मदद मिल सकती है।उन्होंने कहा, "अगर उसकी टीम बाकी बचे मैचों में बेखौफ रवैया अपनाती है और इस सोच के साथ खेलती है कि अब खोने के लिए कुछ नहीं है तो उस पर से दबाव कम होगा।

# नाइट राइडर्स उम्मीद जीवंत बनाए रखने उतरेंगे

### केकेआर के खिलाफ आज गुजरात टाइटंस की निगाहें शीर्ष दो में जगह बनाने पर

**वेब वार्ता, कोलकाता**

**मुकाबला शाम 7:30 बजे से**





लगभग एक महीने के बाद अपने घरेलू मैदान पर वापसी करने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम अपनी उम्मीद जीवंत रखने के लिए शनिवार को यहां आईपीएल के मैच में शीर्ष दो में जगह बनाने की कवायद में लगी गुजरात टाइटंस का सामना करेगी।अनुभवी अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में केकेआर ने पिछले साल की तरह इस वर्ष भी अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है जिससे उन्हें फिर से कप्तान नियुक्त करने के फैसले पर सवाल उठने लग गए हैं। केकेआर को मौजूदा सत्र में अपनी पहली जीत के लिए 7वें मैच (आधे चरण) तक इंतजार करना पड़ा था। वह इस दौरान एक संतुलित टीम संयोजन तैयार करने में नाकाम रहा।केकेआर ने इसके बाद लगातार चार मैच जीते लेकिन पिछले मैच में विराट कोहली के शानदार शतक के कारण उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हार का सामना करना पड़ा था।

केकेआर के अब तीन मैच बचे हैं और अगर वह सभी मैच जीत जाता है तो अधिकतम 15 अंक तक पहुंच पाएगा। इसके बावजूद उसकी प्लेऑफ में जगह पक्की नहीं हो पाएगी और इसके लिए उसे अगर मगर के समीकरणों से गुजरना होगा। एक और हार से उसकी आगे बढ़ने की संभावना खत्म हो जाएगी। केकेआर की लगातार चार मैचों में जीत का श्रेय काफी हद तक सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती की स्पिन जोड़ी को जाता है जबकि उपकप्तान रिंकू सिंह ने भी निरंतर योगदान दिया है। चक्रवर्ती बाएं पैर में चोट लगने के कारण आरसीबी के खिलाफ नहीं खेल पाए थे जो टीम को महंगा पड़ा। केकेआर के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने उनकी वापसी के संकेत दिए हैं जो टीम के लिए अच्छी खबर है। केकेआर की बल्लेबाजी में पूरे सत्र में निरंतरता का अभाव रहा है। उसके बल्लेबाजी क्रम को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने भी रिंकू को निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर सवाल उठाए थे। युवा खिलाड़ी अंगकृष रघुवंशी 139.44 के स्ट्राइक रेट से चार अर्धशतकों सहित 340 रन बनाकर केकेआर के कुछ सफल खिलाड़ियों में से एक रहे हैं, जबकि रिंकू ने दो अर्धशतकों के साथ 148.95 के स्ट्राइक रेट से 286 रन बनाए हैं।केकेआर के शेष घरेलू मैचों में गुजरात टाइटंस, मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इन दोनों खिलाड़ियों की भूमिका अहम होगी।इसके विपरीत शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस का इस सत्र में अब तक बहुत अच्छा प्रदर्शन रहा है। उसके शीर्ष पर काबिज आरसीबी के समान 16 अंक हैं लेकिन नेट रन रेट के कारण वह दूसरे स्थान पर है। गुजरात के इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय काफी हद तक उसके गेंदबाजों को जाता है। उसकी तरफ से कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज और जेसन होल्डर ने तेज गेंदबाजी विभाग अच्छी तरह से संभाला है जबकि स्टार स्पिनर राशिद खान ने मानो अपना पुराना जादू फिर से हासिल कर लिया है।बल्लेबाजी में उसके शीर्ष क्रम में गिल और साई सुदर्शन ने शानदार प्रदर्शन किया है। पिछले साल टूर्नामेंट में सर्वाधिक 759 रन बनाने वाले सुदर्शन इस बार भी अभी तक 501 रन बना चुके हैं। वह अभी तक सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर काबिज हेनरिक क्लासेन से सिर्फ सात रन पीछे हैं। उन्होंने अपनी पिछली छह पारियों में पांच अर्धशतक लगाए हैं, जिनमें एक शतक भी शामिल है।गिल भी बेहतरीन फॉर्म में नजर आ रहे हैं, वहीं वाशिंगटन सुंदर ने मध्य क्रम में अच्छी भूमिका निभाई है। गुजरात को अगर शीर्ष दो में जगह बनानी है तो उसके इन प्रमुख खिलाड़ियों को अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखना होगा।

**दोनों टीमें**

**कोलकाता नाइट राइडर्सः** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, राहुल त्रिपाठी, फिन एलन, तेजस्वी सिंह, टिम सीफर्ट, सुनील नारायण, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, कैमरन ग्रीन, सार्थक रंजन, दक्ष कामरा, रचिन रवींद्र, नवदीप सैनी, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, मथीशा पथिराना, कार्तिक त्यागी, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती, प्रशांत सोलंकी।

**गुजरात टाइटंसः** शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, अरशद खान, अशोक शर्मा, जोस बटलर, कॉनर एस्टरहुइज़न, गुरनूर बरार, जेसन होल्डर, कुलवंत खेजरोलिया, कुमार कुशाग्र, मोहम्मद सिराज, ग्लेन फिलिप्स, प्रसिद्ध कृष्णा, कैगिसो रबाडा, राशिद खान, साई किशोर, साई सुदर्शन, शाहरुख खान, इशांत शर्मा, निशांत सिंधु, मानव सुथार, राहुल तेवतिया, वाशिंगटन सुंदर, ल्यूक वुड, जयन्त यादव।

# कार्तिक का अर्धशतक, लखनऊ को मिला 188 रन का लक्ष्य




**वेब वार्ता, लखनऊ**

चेन्नई सुपर किंग्स ने इकाना स्टेडियम में दमदार बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स के सामने 188 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी लखनऊ की टीम ने शुरुआत में चेन्नई पर दबाव बनाया, लेकिन मध्यक्रम की शानदार बल्लेबाजी ने मैच का रुख बदल दिया। चेन्नई ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 187 रन बनाए। पारी की शुरुआत चेन्नई के लिए अच्छी नहीं रही। पावरप्ले के भीतर ही टीम ने दो बड़े विकेट गंवा दिए, जिससे स्कोरिंग की रफ्तार पर असर पड़ा।

हालांकि इसके बाद युवा बल्लेबाज कार्तिक शर्मा ने जिम्मेदारी संभालते हुए बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली। कार्तिक ने 42 गेंदों में 71 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 5 शानदार छक्के शामिल रहे। उन्होंने मैदान के चारों ओर आकर्षक शॉट लगाए और लखनऊ के गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा। कार्तिक को दूसरे छोर से डेवाल्ड ब्रेविस का अच्छा साथ मिला। ब्रेविस ने सिर्फ 16 गेंदों में 25 रन बनाए और तेजी से रन बटोरते हुए चेन्नई की पारी को गति दी। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 70 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई, जिसने चेन्नई को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। आखिरी ओवरों में शिवम दुबे ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। दुबे ने 16 गेंदों में नाबाद 32 रन बनाए और टीम के स्कोर को 187 तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं प्रशांत वीर ने भी 13 रन का उपयोगी योगदान दिया। लखनऊ की ओर से डेब्यू मैच खेल रहे आकाश सिंह सबसे प्रभावशाली गेंदबाज साबित हुए। उन्होंने शानदार लाइन और लेंथ के साथ गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में केवल 26 रन देकर 3 विकेट झटके। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और शहबाज अहमद को भी 1-1 सफलता मिली।

**शिवम दुबे ने आखिरी ओवर में 23 रन बटोरे**

चेन्नई की पारी के आखिरी ओवर में शिवम दुबे ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। प्रिंस के ओवर में कुल 23 रन आए। ओवर की शुरुआत में प्रशांत ने दो रन लेकर स्ट्राइक रोटेट की। इसके बाद दुबे ने ताबड़तोड़ अंदाज में मैच का रुख बदल दिया।

## डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आईपीएल की दर्शक संख्या बढ़ी

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इसके दर्शकों की संख्या में सात प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जबकि टीवी पर दर्शकों की संख्या 500 मिलियन के आंकड़े को छूने के करीब है। इस टूर्नामेंट के आधकारिक प्रसारणकर्ता जियोस्टार के अनुसार आईपीएल की कुल डिजिटल पहुंच में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह आंकड़ा लीनियर टीवी पर प्रसारित 51 मैचों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रसारित 57 मैचों का है। कंपनी ने दावा किया, सीटीवी (कनेक्टेड टीवी यानि इंटरनेट से जुड़े उपकरण) की पहुंच में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और वाच टाइम (देखने का समय) 20 प्रतिशत बढ़ गया है। क्षेत्रीय भाषाओं में वाच टाइम में 42 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

## सिनर मास्टर्स में नया रिकॉर्ड बनाकर इटालियन ओपन के सेमीफाइनल में



**वेब वार्ता, रोम**

यानिक सिनर ने मास्टर्स प्रतियोगिताओं में लगातार 32वीं जीत हासिल करके नया रिकॉर्ड बनाने के साथ पिछले 50 वर्ष में इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीतने वाले पहले घरेलू पुरुष खिलाड़ी बनने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। सिनर खिताब से अब केवल दो जीत दूर हैं और उनकी शानदार फॉर्म को देखते हुए वह फ्रेंच ओपन में भी खिताब के प्रबल दावेदार बन गए हैं।

**सिनर ने तोड़ा जोकोविच का रिकॉर्ड :** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी एंड्री रुबलेव पर 6-2, 6-4 से जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। यह उनकी मास्टर्स प्रतियोगिताओं में लगातार 32वीं जीत थी और इस तरह से उन्होंने नोवाक जोकोविच का रिकॉर्ड तोड़ दिया। जोकोविच ने 2011 में मास्टर्स टूर्नामेंट में लगातार 31 मैच जीते थे। सिनर का लक्ष्य जोकोविच के बाद सभी नौ मास्टर्स टूर्नामेंट जीतने वाला दूसरा खिलाड़ी बनना भी है। जोकोविच ने प्रत्येक टूर्नामेंट को कम से कम दो बार जीता है। इटालियन ओपन एकमात्र मास्टर्स टूर्नामेंट है जिसे सिनर ने नहीं जीता है।

सिनर ने बाद में कहा कि मैं रिकॉर्ड के लिए नहीं खेलता। मैं खुद के लिए खेलता हूं। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। इटालियन ओपन जीतने वाले इटली के अंतिम पुरुष खिलाड़ी एड्रियानो पनाटा थे, जिन्होंने 1976 में यह उपलब्धि हासिल की थी। पनाटा रविवार को इस वर्ष के चैंपियन को ट्रॉफी प्रदान करेंगे। सिनर का सेमीफाइनल में मुकाबला 2023 के चैंपियन दानिल मेदवेदेव से होगा, जिन्होंने स्पेनिश क्वालीफायर मार्टिन लैंडालुस को 1-6, 6-4, 7-5 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में नॉर्वे के कैस्पर रूड का मुकाबला अर्जेंटीना में जन्मे इतालवी खिलाड़ी लुसियानो डार्डेरी से होगा। महिला वर्ग में कोको गॉफ ने 36 वर्षीय सोराना सिर्स्टिया को 6-4, 6-3 से हराकर लगातार दूसरे वर्ष फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना इटालियन ओपन में दो बार की चैंपियन एलिना स्वितोलिना से होगा। स्वितोलिना ने तीन बार की चैंपियन इगा स्वियातेक को 6-2, 4-6, 6-2 से हराया।

## कोच अल्वारो ने चौथी पसंद का स्ट्राइकर बना दिया :एमबाप्पे

**मैड्रिड।** काइलिन एमबाप्पे गुरुवार को रियाल मैड्रिड के ओविएडो के खिलाफ स्पेनिश लीग फुटबॉल मैच में शुरुआती लाइनअप में जगह न मिलने के बाद कहा कि कोच अल्वारो अर्बेलोआ ने उनसे कहा कि वह टीम के चौथी पसंद के स्ट्राइकर हैं। अर्बेलोआ ने हालांकि एमबाप्पे की बात पर हैरानी जताई और कहा कि उन्होंने कभी इस तरह की बात नहीं की थी और वह नहीं जानते कि फ्रांस के इस फुटबॉलर को ऐसा क्यों लग रहा है। एमबाप्पे बाएं पांव में हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से परेशान थे लेकिन उन्होंने कहा कि वह ओविएडो के खिलाफ शुरू से खेलने के लिए तैयार थे, लेकिन अर्बेलोआ ने उन्हें मौका नहीं दिया।

# एशियाई अंडर-23 चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल भी होगा फेड कप

**वेब वार्ता, नई दिल्ली**

रांची में 22 से 25 मई तक होने वाली फेडरेशन कप राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता आगामी एशियाई अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल के रूप में भी काम करेगी।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने कहा कि एशियाई एथलेटिक्स संघ के दिशानिर्देशों के अनुसार 31 दिसंबर, 2026 तक 20 से 22 वर्ष की आयु के एथलीट चयन के लिए पात्र होंगे।एशियाई अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप नौ से 12 जुलाई तक चीन के ओर्डोस में होगी।रांची में होने वाली प्रतियोगिता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि एथलीटों को इससे ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में जगह बनाने का आखिरी मौका मिलेगा। एएफआई ने एशियाई अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए योग्यता मानक की घोषणा भी कर दी है।

**एएफआई के योग्यता मानक इस प्रकार हैं:** पुरुष वर्गः 100 मीटरः 10.52 सेकंड, 200 मीटरः 21.30 सेकंड, 400 मीटरः 47.20 सेकंड, 800 मीटरः एक मिनट, 49.00 सेकंड, 1500 मीटरः 3:49.00 सेकंड, 5,000 मीटरः 14:22.00 सेकंड, 10,000 मीटरः 30 मिनट, 3000 मीटर स्टीपलचेज़ः 8:58.00, 110 मीटर बाधा दौड़ः 13.84 सेकंड, 400 मीटर बाधा दौड़ः 50.29 सेकंड, ऊंची कूदः 2.12 मीटर, पोल वॉल्टः 5.20 मीटर, लंबी कूदः 7.90 मीटर, त्रिकूदः 16.00 मीटर, शॉट पुटः 17.67 मीटर, डिस्कस थ्रोः 54.00 मीटर, हैमर थ्रोः 60.00 मीटर, भाला फेंकः 74.00 मीटर, डेकाथलॉनः 6905 अंक।महिला वर्गः 100 मीटरः 11.75 सेकंड, 200 मीटरः 23.84 सेकंड, 400 मीटरः 53.62 सेकंड, 800 मीटरः 2:11.00 सेकंड, 1500 मीटरः 4:20.00 सेकंड, 5,000 मीटरः 16:20.00 सेकंड, 10,000 मीटरः 35 मिनट, 3000 मीटर स्टीपलचेज़ः 10:20.00 सेकंड, 100 मीटर बाधा दौड़ः 13.73 सेकंड, 400 मीटर बाधा दौड़ः 59.50 सेकंड, ऊंची कूदः 1.75 मीटर, पोल वॉल्टः 4.00 मीटर, लंबी कूदः 6.30 मीटर, त्रिकूदः 13.00 मीटर, शॉट पुटः 14.50 मीटर, डिस्कस थ्रोः 50.73 मीटर, हैमर थ्रोः 55.00 मीटर, भाला फेंकः 50.00 मीटर, हेप्टाथलॉनः 5208 अंक।

### 2027 वर्ल्ड कप खेलने को लेकर विराट कोहली की दो टूक

# योग्यता पर संदेह करने वालों के बीच रहना मंजूर नहीं

**वेब वार्ता, नई दिल्ली**

विराट कोहली को अब भी क्रिकेट से इतना लगाव है कि वह अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही भारत के इस स्टार बल्लेबाज ने स्पष्ट किया कि अगर किसी विशेष माहौल में उनकी योग्यता पर लगातार सवाल उठाए जाते हैं, तो उन्हें यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं होगी कि वह जगह उनके लिए नहीं बनी है। इस 37 वर्षीय सुपरस्टार ने अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी आरसीबी के पॉडकास्ट पर कहा कि उन्हें अपने महत्व को लेकर किए जा रहे आकलन में लगातार बदलाव से नफरत है।

कोहली ने कहा,मैं हमेशा तैयार रहता हूं क्योंकि यही मेरी रोजमर्रा की जिंदगी है। मैं कसरत करता हूं, हम घर पर अच्छा खाना खाते हैं। मुझे इस तरह जीना पसंद है। यह केवल क्रिकेट खेलने तक सीमित नहीं है। मेरा कहने का मतलब है कि 2027 के विश्व कप को लेकर होने वाली बातें और बाकी सब। मुझे कई बार पूछा गया है कि क्या आप 2027 में खेलना चाहते हैं। उन्होंने कहा,मुझे इसका जवाब पता है और अगर मैं खेल रहा हूं तो फिर मैं क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मैं खेलना जारी रखना चाहता हूं। भारत के लिए विश्व कप खेलना शानदार है। कोहली ने कहा, मेरा नजरिया बिल्कुल स्पष्ट है। मैं जिस माहौल का हिस्सा हूं उसमें कुछ योगदान दे सकता हूं और टीम को भी लगता है कि मैं योगदान दे सकता हूं, तो मैं खेलता रहूंगा। अगर मुझे अपनी काबिलियत और अहमियत साबित करने की जरूरत महसूस कराई जाती है तो मैं उस माहौल में नहीं रह सकता। कोहली 2024 में टी20 अंतरराष्ट्रीय और 2025 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अब केवल वनडे में खेलते हैं। पिछले कुछ वर्षों से बहुत कम वनडे मैच खेले जा रहे हैं जिससे कोहली कम अवसरों पर ही भारत का प्रतिनिधित्व कर पा रहे हैं। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कोहली और एक अन्य स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा के टीम का हिस्सा बनने की उनकी इच्छा के बावजूद उनके भविष्य को लेकर कोई स्पष्ट टिप्पणी नहीं की है। कोहली ने कहा कि जब तक टीम को उनकी जरूरत होगी, वह टीम के साथ बने रहेंगे।उन्होंने कहा, मैं अपनी तैयारियों के प्रति ईमानदार हूं, मैं खेल के प्रति अपने दृष्टिकोण के प्रति ईमानदार हूं। मैं पूरी लगन से मेहनत करता हूं। जब मैं खेलने के लिए जाता हूं तो मैं दूसरों से कम नहीं बल्कि उनसे भी ज्यादा मेहनत करता हूं और सही तरीके से खेलता हूं।

## मैं खेलता हूं क्योंकि मुझे क्रिकेट से प्यार है



कोहली ने 2025-26 सत्र में लगभग दो दशकों बाद विजय हजारे ट्रॉफी में वापसी करते हुए दिल्ली के लिए दो मुकाबले खेले। इस दौरान उन्होंने एक शानदार शतक जड़ा और लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 16,000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बने। कोहली ने कहा कि वह किसी को कुछ साबित करने नहीं, बल्कि खेल का आनंद लेने मैदान पर उतरे थे। उनके अनुसार बल्लेबाजी करते समय उन्हें फिर से एक बच्चे जैसा महसूस हुआ और क्रिकेट के प्रति उनका प्यार पहले जैसा लौट आया।वनडे क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में शामिल कोहली ने 311 मैचों में 58.71 की औसत से 14,797 रन बनाए हैं। उनके नाम 54 शतक और 77 अर्धशतक दर्ज हैं। लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार प्रदर्शन के कारण उन्हें चेज मास्टर भी कहा जाता है।कोहली ने चयन और प्रदर्शन को लेकर लगातार उठने वाले सवालों पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यदि टीम प्रबंधन या चयनकर्ता उन पर भरोसा करते हैं तो बार-बार राय बदलने के बजाय स्पष्ट और ईमानदार बातचीत करनी चाहिए।उन्होंने कहा कि अगर किसी खिलाड़ी पर भरोसा है तो उसे बिना अनावश्यक दबाव के अपना खेल खेलने देना चाहिए, क्योंकि लगातार बदलते रवैये से निरंतरता प्रभावित होती है।



# आलिया भट्ट ने अपने कान्स फिल्म फेस्टिवल वीडियो पर ट्रोल करने वालों को जवाब दिया

मुंबई, (वेब वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने कान फिल्म फेस्टिवल में फोटोग्राफर और कैमरामैन द्वारा नज़रअंदाज़ किए जाने के दावे करने वाले ट्रोल का बहुत ही शालीनता से जवाब देकर आलोचक का मुंह बंद कर दिया।

अभिनेत्री ने 2025 के बाद दूसरी बार इस प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल में शिरकत की। रेड कार्पेट के वीडियो इंटरनेट पर वायरल होते ही, कुछ यूजर्स ने कहा कि पैपरात्जी(फोटोग्राफर और कैमरामैन) ने उन्हें नज़रअंदाज़ कर दिया।

एक वीडियो में अभिनेत्री फोटोग्राफरों के सामने खड़ी दिखाई दे रही थीं जिन्होंने अपने कैमरे नीचे कर लिए थे। इस पर ऑनलाइन यूजर्स की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं दिखीं। कुछ लोग अभिनेत्री के समर्थन में थे जबकि अन्य उन्हें ट्रोल करते हुए कह रहे थे कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान नहीं मिली।

इस हफ्ते की शुरुआत में भट्ट ने फेस्टिवल से संबंधित कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए। कई यूजर्स ने पोस्ट पर तारीफें कीं, वहीं एक यूजर ने लिखा, 'कितनी अफसोस की बात है, किसी ने आपको नोटिस ही नहीं किया।'

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए लॉरियल पेरिस के भारत की ग्लोबल एंबेसडर के तौर पर फेस्टिवल में भाग ले रहीं अभिनेत्री ने लिखा, 'अफसोस किस बात का प्रिय? आपने तो मुझे नोटिस किया ही!' 12 मई को शुरू हुआ कान्स फिल्म महोत्सव 23 मई को समाप्त होगा।

## आलिया भट्ट के बचाव में उतरे सोनू सूद, 'कलाकार की मेहनत को कैमरों की चमक से न आंकें'


मुंबई, (वेब वार्ता)। अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनो कांस फिल्म फेस्टिवल में कथित तौर पर फोटोग्राफर के द्वारा नरअंदाज किए जाने पर सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना कर रही है। इसी, बीच शुक्रवार को अभिनेता सोनू सूद आलिया के सपोर्ट पर सामने आए।

अभिनेता ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर आलिया के लिए नोट शेयर किया। इसके जरिए उन्होंने कहा कि किसी भी कलाकार की मेहनत और वैश्विक उपलब्धि को सिर्फ कैमरों की चमक से नहीं आंका जा सकता है।

अभिनेता ने ट्रोलर्स को फटकार लगाते हुए नोट पर लिखा, "जब हमारा ही कोई अपना व्यक्ति अंतर्राष्ट्रीय मंच पर कदम रखता है, तो यह हमारे लिए गर्व का पल होना चाहिए, न कि कमियां ढूंढने का बहाना। हर उपलब्धि को सार्थक होने के लिए कैमरों, सुर्खियों या अजनबियों से मान्यता मिलने की जरूरत नहीं होती।"

उन्होंने आलिया के अंतरराष्ट्रीय दौरे का सम्मान करते हुए लिखा, "अंतरराष्ट्रीय स्टेज पर खड़े होना, अपनी कला का प्रतिनिधित्व करना और अपनी यात्रा को गरिमा के साथ आगे बढ़ाने का साहस ही अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है।"

सोनू ने आगे लिखा, "आज की दुनिया को ट्रोलिंग की लत लग चुकी है, लेकिन हमें प्रोत्साहन को चुनना चाहिए। याद रखें जो लोग अपने सपने बुनने में व्यस्त होते हैं, उनके पास दूसरों को नीचे खींचने के लिए वक्त नहीं होता।" उन्होंने आखिरी में लिखा, "हमें तुम पर गर्व है, मेरे दोस्त। सही लोगों ने तुम्हारी चमक को पहचान लिया।"



हालांकि, अपनी इस पोस्ट में सोनू ने साफ तौर पर आलिया का नाम नहीं लिखा लेकिन उनका इशारा साफ तौर पर आलिया के लिए ही था क्योंकि अभी आलिया को सोशल मीडिया पर कांस दौरे पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

बता दें कि रेड कार्पेट पर उनके वीडियो को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आईं। जहां कुछ लोगों ने उनके कॉन्फिडेंस और एलिगेंट लुक की तारीफ की, वहीं कुछ ट्रोलर्स ने उन्हें विदेशी पैपराजी द्वारा कम अटेंशन मिलने को लेकर आलोचना भी की।



## अंकिता भार्गव के परिजन के साथ ठगी की कोशिश, अभिनेत्री ने स्कैम को लेकर किया आगाह

मुंबई, (वेब वार्ता)। अभिनेत्री अंकिता भार्गव ने अपने माता-पिता के साथ हुई एक बेहद चिंताजनक स्कैम की कोशिश के बारे में सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए लोगों को जानकारी दी है। उन्होंने पोस्ट के जरिए लोगों को आगाह करते हुए लोगों खासकर बुजुर्गों को सतर्क रहने की अपील की है।

अंकिता ने इंस्टाग्राम पर किए पोस्ट में बताया कि जब वह कल (गुरुवार) लंच के समय अपने माता-पिता के घर पहुंची तो देखा कि दो अजनबी व्यक्ति डाइनिंग टेबल पर आराम से बैठे हुए थे। उन्होंने खुद को गुजरात क्राइम ब्रांच के अधिकारी बताया और कहा कि वे उनके पुराने पड़ोसी की जांच कर रहे हैं। उन्होंने अंकिता के पिता से सिर्फ एक छोटा-सा बयान लेने की बात कही।

उन्होंने लिखा, "शुरुआत में सब कुछ बहुत सामान्य लग रहा था। वे शांत, विनम्र और आत्मविश्वास से भरे हुए थे। जब मैंने उनके आईडी कार्ड मांगे तो उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के दिखा दिए और यहां तक कहा कि आप इनकी फोटो भी ले सकती हैं।"

अभिनेत्री ने आगे बताया कि दोनों व्यक्ति एक हाथ से लिखे हुए गुजराती भाषा के कागज पर अंकिता के पिता के हस्ताक्षर करवाने की कोशिश कर रहे थे। उनके पिता गुजराती नहीं पढ़ पाते थे। जब अंकिता ने इस पर सवाल उठाया तो एक व्यक्ति ने बहुत ही सहज अंदाज में कहा कि वह खुद अनुवाद करके समझा देंगे। अंकिता की सहज बुद्धि ने काम किया और उन्होंने साफ मना कर दिया। उन्होंने कहा, "मैंने उनसे पूछा कि आधिकारिक बयान हाथ से क्यों लिखा हुआ है? इसे गुजराती में क्यों दिया गया है जबकि मेरे पिता इसे नहीं पढ़ सकते? मैंने साफ कहा कि इस घर में कोई भी व्यक्ति किसी भी कागज पर तब तक हस्ताक्षर नहीं करेगा जब तक वह उसे खुद न पढ़ और समझ ले।"

अंकिता ने बताया कि बाद में उनके पिता ने कहा कि अगर वह समय पर नहीं पहुंची होती तो शायद वे उस कागज पर हस्ताक्षर कर ही देते, क्योंकि वे लोग बहुत भरोसेमंद लग रहे थे। इस बात ने अंकिता को बहुत झकझोर दिया।

अभिनेत्री ने लोगों को चेतावनी देते हुए कहा, "बुजुर्गों को आसानी से बहकाया जा सकता है। वर्दी, आईडी कार्ड और आधिकारिक भाषा का दबाव बनाकर उन्हें हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया जाता है।"

उन्होंने सलाह दी कि कभी भी हाथ से लिखे कागज पर आंख बंद करके हस्ताक्षर न करें, जिस भाषा को आप नहीं समझते, उस पर कभी हस्ताक्षर न करें। हमेशा टाइप किए हुए और साफ कागज की मांग करें। सोसाइटी मैनेजमेंट या स्थानीय पुलिस से जांच करवाएं। साथ ही ऐसे किसी मामले में परिवार के अन्य सदस्यों को भी शामिल करें।अंकिता ने कहा कि हो सकता है वे असली अधिकारी रहे हों, लेकिन तरीका लापरवाह था। फिर भी सावधानी बरतना बेहद जरूरी है।

## हर लड़की खुद को चिरैया से जोड़ रही है : दिव्या दत्ता



मुंबई, (वेब वार्ता)।

अभिनेत्री दिव्या दत्ता अपनी नई वेब सीरीज चिरैया को लेकर खूब वाहवाही बटोर रही हैं। जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के बाद से ही, यह सीरीज अपनी शानदार कहानी, सशक्त लेखन और सभी कलाकारों के बेहतरीन अभिनय को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त कर रही है। शशांत शाह द्वारा निर्देशित यह 6-एपिसोड की भावनात्मक और मार्मिक सीरीज मैरिटल रेप और वैवाहिक दुर्व्यवहार जैसे बेहद गंभीर और संवेदनशील सामाजिक मुद्दों पर आधारित है।

सीरीज चिरैया को लेकर अभिनेत्री दिव्या दत्ता का मानना है कि यह एक ऐसी सीरीज है, जिससे आज की हर लड़की और महिला अपने आपको गहराई से जोड़ पा रही है, क्योंकि यह समाज के एक कड़वे सच को उजागर करती है। अभिनेत्री ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक पॉडकास्ट का वीडियो साझा किया, जिसमें वे चिरैया को मिल रही प्रतिक्रिया के बारे में बात कर रही थीं। वीडियो में दिव्या कहती हैं, हर कोई चिरैया देख रहा है और उससे प्रभावित हो रहा है। अभी हाल ही में मेरी मुलाकात एक मां से हुई, जिसे चिरैया देखने के बाद अपनी बेटी के ससुराल वालों से बात करने और उनका सामना करने की हिम्मत मिली है।

दिव्या दत्ता ने उस महिला का वाकया बताते हुए अपनी बात जारी रखी जहां मैं योगा करने जाती हूं, वहां पर एक महिला मेरे पास आई और बोली कि क्या मैं आपसे कुछ बात कर सकती हूं, तो मैंने सोचा, योगा के बीच में कैसी बातें करें, तो मैंने उसे इंतजार करने के लिए बोला, लेकिन वह इसके लिए तैयार ही नहीं थी। वह मुझसे उसी वक्त बात करना चाहती थी। दिव्या ने आगे बताया कि उस महिला ने मुझसे कहा, मेरी बेटी को उसके ससुराल वालों ने छोड़ दिया है और मेरे अंदर बेटी के ससुराल वालों से बात करने की हिम्मत नहीं थी। फिर एक दिन मैंने चिरैया देखी और मैं उसे देखकर बहुत रोई। उस सीरीज को देखने के बाद मुझे उनका सामना करने और अपनी बेटी के हक के लिए खड़े होने की हिम्मत मिली।

दिव्या दत्ता ने उस पल के महत्व को समझते हुए कहा, सीरीज को लेकर हमें इस तरह की प्रतिक्रियाएं सुनने को मिल रही हैं। इसके बाद एहसास होता है कि यही तो है विजुअल मीडिया और एक ऐसी कहानी की ताकत। अगर कहानी को बेहतरीन ढंग से पेश किया जाए, उसमें सच्चाई और ईमानदारी हो, तो लोग उस कहानी से खुद को गहराई से जोड़ते हैं, और यह दृश्य को देखकर बहुत अच्छा लगता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि समाज में अब इन मुद्दों पर एक नई लहर की शुरुआत हो चुकी है। मुझे कल की ही बात याद आ रही है कि किसी ने कहा था कि आजकल हर घर की यही कहानी है। हर कोई चिरैया देख रहा है।

## पिता हमेशा कहा करते थे, लगे रहो बेटे, काम करते रहो : ईशा देओल

मुंबई, (वेब वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल के लिए हमेशा ही सबसे बड़ी प्रेरणा उनके दिवंगत पिता अभिनेता धर्मेंद्र की सीख और विश्वास रहा है। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान ईशा ने अपने नए बिजनेस के बारे में बात करते हुए भावुक अंदाज में बताया कि उनके पिता हमेशा उनकी रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करते थे। अपने सपनों को पूरा करने के लिए आगे बढ़ने की हिम्मत देते थे।

ईशा ने मुंबई के रियल एस्टेट समूह 'द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा' के साथ मिलकर अलीबाग में लग्जरी विला डिजाइन प्रोजेक्ट की शुरुआत की है। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि वह और उनके पिता घंटों तक अलग-अलग जगहों की बनावट, घरों की संरचना और साधारण स्थानों की खूबसूरती पर चर्चा किया करते थे। उन्होंने कहा कि उनके पिता अक्सर उन्हें एक ही बात कहते थे "लगे रहो बेटे, करते रहो।"

ईशा के मुताबिक यही शब्द आज भी उन्हें प्रेरित करते हैं और आगे बढ़ने का हौसला देते हैं। उन्होंने कहा कि पिता के विश्वास ने ही उन्हें अपने इस सपने को साकार करने की ताकत दी। अपने नए डिजाइन कारोबार का नाम ईशा ने 'ईशा धर्मेंद्र देओल डिजाइन' रखा है। इस नाम के पीछे भी पिता से जुड़ी एक खास भावना है। उनके बिजनेस के लोगो में लालटेन का प्रतीक बनाया गया है, जिसे धर्मेंद्र ने खुद अपने हाथों से तैयार किया था।

ईशा ने बताया कि यह लालटेन उनके लिए केवल एक डिजाइन नहीं, बल्कि पिता के प्यार और आशीर्वाद की निशानी है। उन्होंने कहा कि वह इस रोशनी को अपने काम के जरिए आगे बढ़ाना चाहती हैं।

ईशा ने सोशल मीडिया पर भी अपने इस नए सफर की जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि वह अपने इस सपने को एक नई पहचान दे रही हैं और यह हमेशा अपने पिता को समर्पित रहेगा। उनकी इस पहल को परिवार का भी पूरा समर्थन मिला। अभिनेता बॉबी देओल ने उनकी पोस्ट साझा करते हुए उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि ईशा इस क्षेत्र में भी शानदार काम करेंगी। गौरतलब है कि धर्मेंद्र का नवंबर 2025 में मुंबई स्थित उनके जूहू आवास पर निधन हो गया था।





## माधुरी दीक्षित नेने 59 साल की हुईं, जैकी श्रॉफ ने 'हमेशा खुश रहने' की दी शुभकामनाएं

मुंबई, (वेब वार्ता)।

बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित शुक्रवार को 59 वर्ष की हो गईं। इस खास मौके पर उनके साथ कई फिल्मों में काम कर चुके दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ ने अभिनेत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

जैकी श्रॉफ जिन्होंने 100 डेज, खलनायक, रामलखन, त्रिदेव, संगीत, प्रेम दीवाने, वर्दी, उत्तर दक्षिण और लज्जा जैसी फिल्मों में काम किया है, ने फोटो शेयरिंग ऐप इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में दोनों की एक तस्वीर साझा की।

उन्होंने ज्यादा कुछ नहीं लिखा, बस "हैप्पीनेस आलवेज" लिखकर माधुरी दीक्षित को टैग किया। साथ ही उन्होंने उनकी मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म 100 डेज के गीत सुन बेलिया को तस्वीर की बैकग्राउंड म्यूजिक के रूप में लगाया।

उत्तर दक्षिण वह पहली फिल्म थी जिसमें जैकी और माधुरी ने 1987 में पहली बार साथ काम किया था। प्रभात खन्ना द्वारा निर्देशित इस एक्शन ड्रामा फिल्म में रजनीकांत और भारती भी प्रमुख भूमिकाओं में थे।

माधुरी दीक्षित ने 70 से अधिक हिंदी फिल्मों में काम किया है। उनकी चर्चित फिल्मों में तेजाब, दिल, बेटा, हम आपके हैं कौन, दिल तो पागल है, रामलखन, थानेदार, साजन, राजा, देवदास और भूलभुलैया 3 शामिल हैं।

साल 2022 में उन्होंने पारिवारिक रहस्य आधारित वेब सीरीज़ द फेम गेम के जरिए ओटीटी डेब्यू किया, जिसमें उन्होंने एक हाई-प्रोफाइल अभिनेत्री की भूमिका निभाई। उसी वर्ष उन्होंने मजा मा में अपनी यौन पहचान से जूझ रही एक गृहिणी का किरदार निभाया।

उनका हालिया प्रोजेक्ट वेब सीरीज़ मिसेज देशपांडे है, जिसमें वह एक ऐसी घरेलू महिला का किरदार निभा रही हैं जो एक गहरा रहस्य छिपाए हुए है।

वहीं, जैकी श्रॉफ की हालिया फिल्म रोमांटिक कॉमेडी तू मेरी मैं तेरा तू मेरी है, जिसमें कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे मुख्य भूमिकाओं में हैं। अब वह अहमद खान की आगामी कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल में नजर आएंगे।

## 'पत्नी को जन्मदिन की शुभकामनाएं'

मुंबई, (वेब वार्ता)। डॉ. श्रीराम नेने ने अपनी पत्नी माधुरी दीक्षित के जन्मदिन को खास बना दिया। उन्होंने एक भावुक वीडियो साझा किया, जिसमें दोनों के कई सालों के खूबसूरत और यादगार पल शामिल हैं।

'धक-धक गर्ल' माधुरी दीक्षित ने अपना 59वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर डॉ. श्रीराम नेने ने सोशल मीडिया पर एक सुंदर वीडियो साझा किया, जिसमें उनकी यात्राओं, परिवार के साथ बिताए गए पलों, रोमांटिक तस्वीरों और दुनिया भर में मनाए गए खास समारोहों की यादगार झलकियां शामिल थीं।

वीडियो साझा करते हुए डॉ. नेने ने लिखा, "मेरी प्यारी पत्नी को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं। एक और शानदार साल के लिए बधाई। हमेशा हमारे साथ रहने और अपना प्यार व स्नेह देने के लिए आपका धन्यवाद।"

जन्मदिन की इस खास शुभकामना को और भावुक बनाने के लिए डॉ. नेने ने वीडियो के बैकग्राउंड में लोकप्रिय मराठी गीत 'चांद तू नभातला' का इस्तेमाल किया।

वीडियो में उनके जीवन के कई खूबसूरत पल दिखाए गए हैं। इसकी शुरुआत साड़ी पहने माधुरी दीक्षित की एक सुंदर तस्वीर से होती है। इसके बाद एक दृश्य में दोनों पति-पत्नी एक-दूसरे को प्यार भरी नजरों से देखते हुए दिखाई देते हैं।

वीडियो में उनकी यात्राओं की खूबसूरत झलकियां भी दिखाई गई हैं। समुद्र किनारे डूबते सूरज के सुंदर नजारों से लेकर स्पेशल मील और जापान में माउंट फूजी के सामने ली गई मजेदार तस्वीरों तक, इसमें कई यादगार पल शामिल हैं। एक दृश्य में माधुरी दीक्षित और डॉ. श्रीराम नेने नाव की सैर का आनंद लेते हुए भी नजर आते हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक इरशान सईद द्वारा ए-352, न्यू अशोक नगर, दिल्ली 110096 से प्रकाशित एवं साईं प्रिंटिंग प्रेस, डी 85 सेक्टर 6, नोएडा 201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित। संपादक सईद अहमद
RNI No. DELHIN/2014/56101 संपर्क सूत्र +91 8587018587, Email: webvarta@gmail.com, समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार तथा समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन होंगे।